# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# कारागार में शुरू हुई टेली मेडिसिन सुविधा

**बन्दियों को इलाज के लिए अब नहीं जाना होगा अस्तपाल,**

**जेल से आनलाइन मिलेगा कैदियों को डराक्टरों से परामर्श**

गोरखपुर (एसएनबी)। जेल में वंद कैदियों को अव इलाज के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। क्योंकि अव उन्हें इलाज के लिए जेल से अस्पताल नहीं ले जाना पड़ेगा, वल्कि जेल में ही उन्हें डाक्टरों से आनलाइन परामर्श कर वेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इसके लिए यहां जिला कारागार में वुधवार को टेली मेडिसिन की शुरुआत की गई है। इसके लिए अव कैदियों का आनलाइन ही वड़े डक्टरों से कंसल्ट कर इलाज जेल में ही हो जाएगा।

अक्सर इलाज के घलिए अस्पताल जाने के दौरान कैदियों और पुलिसकर्मियों के वीच झड़प भी होती रही है। ऐसे में कई वार अस्तपाल से कैदियों के भाग जाने की भी खवरें आई हैं। ऐसे में इस समस्या को देखते हुए जेल प्रशासन ने वुधवार को डीजी जेल ने गोरखपुर सहित जिला कारागार वाराणसी, केंद्रीय कारागार वाराणसी, जिला कारागार वरेली, केंद्रीय कारागार वरेली, जिला



कारागार लखनऊ जिला कारागार गौतमवुद्धनगर, जिला कारागार गाजियावाद में टेली मेडिसिन सर्विस की अनलाइन शुरुआत की है।

जेलर प्रेमसागर शुक्ला ने वताया कि जेल में ओपीडी है। डाक्टर भी हैं, लेकिन गंभीर वीमारियों के इलाज के लिए कैदियों को अस्पताल ले जाना पड़ता है। ऐसे में प्रतिदिन एक दो कैदी गंभीर वीमारी का हवाला देकर अस्पताल ले जाने के लिए दवाव डालते हैं। इससे पुलिस पर इन्हें ले जाने और लाने का दवाव तो वढ़ता ही है, साथ ही कैदियों के भागने और उनके वाहरी लोगों के संपर्क में आने का खतरा वना रहता है। लेकिन टेली मेडिसिन योजना के तहत जेल में ही उनका इलाज करने की शुरुआत हुई है। इससे ऐसे मामलों से निजात पाने में सफलता भी मिलेगी। जेलर ने वताया कि हालांकि अभ सोनोग्राफी और एमआरआई जैसे टेस्ट के लिए आरोपियों को अस्पताल ले जाना पड़ेगा। एडीजी जेल ने वताया कि अभी ये योजना आठ जेलों में शुरू की गई है। लेकिन इसकी सफलता को देखते हुए जल्द ही इसे राज्य की सभी जेलों में भी लागू किया जाएगा।

# पूर्व प्रमुख के घर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

खोराबार (एसएनबी)। खोरावार पुलिस पूर्व प्रमुख शैलेश यादव के घर पुलिस ने मुनादी के साथ आवास पर नोटिस चस्पा किया है। वीते 19 जनवरी को मोतीराम अड्डा निवासी ड रामाश्रय मौर्य रात्रि लगभग 8 वजे वल्ली चौराहे से मेडिकल स्टोर की दुकान वंद करके घर जा रहे थे । वह दुकान से कुछ ही दूर गए थे कि मोटरसाइकिल सवार वदमाशों ने गोलीमार कर हत्या कर दी । मृतक के भाई के तहरीर पर पुलिस 16 नामजदों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके कई अभियुक्तों को जेल भेज दी । उक्त मामले में अभियुक्त पूर्व प्रमुख खोरावार शैलेश यादव की भाभी सीमा यादव भी आरोपी है । मामले में सीमा यादव ने हाईकोर्ट से अरेस्ट स्टे ली थी । वुधवार को पुलिस शैलेश यादव के घर नोटिस चस्पा कर मुनादी की कार्यवाही की है ।

# पीएसी की मौजूदगी में एकला बंधे पर कूड़ा गिराने की तैयारी

**वर्तमान में देवरिया रोड पर कूड़ा गिरा रही हैं नगर निगम की गाड़ियां**

गोरखपुर (एसएनबी)। महानगर से निकलने वाले कूड़े को एकला वंधे पर निस्तारित करने के लिए नगर निगम प्रशासन अव सख्त रुख अपना सकता है। कई दिन से चल रहे विरोध को देखते हुए वृहस्पतिवार से पीएसी की मौजूदगी में एकला वांध पर कूड़ा गिराने की तैयारी की जा रही है। एक सप्ताह पहले कुछ ग्रामीणों ने एकला वांध पर कूड़ा गिराने का विरोध शुरू कर दिया। इससे कूड़ा गिरना वंद हो गया। दो दिन तक शहर का कूड़ा भी नहीं उठ सका था।

नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने लालडिग्गी के पास नगर निगम की पांच एकड़ जमीन पर कूड़ा गिराने की व्यवस्था कराई। दो दिन वाद एक व्यक्ति ने जमीन को अपनी वताकर कूड़ा गिराने का विरोध शुरू कर दिया। उसने महिलाओं को साथ लेकर प्रदर्शन भी किया। इसके वाद लालडिग्गी में कूड़ा गिरना वंद हो गया। कटनिया में भी ग्रामीणों के विरोध के कारण कूड़ा गिरना वंद हो चुका है। नगर निगम प्रशासन ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से वात कर देवरिया रोड पर कूड़ा गिराने की शुरुआत कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अव एकला वांध पर कूड़ा गिराने से शहर का कूड़ा निस्तारित करने में आसानी होगी।

## चोरी की बाइक के साथ पकड़ा युवक

चौरीचौरा एरिया के रेलवे मालगोदाम के पास बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे चोरी की बाइक के साथ मुंडेरा बाजार चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार गौतम ने मुंडेरा बाजार वार्ड संख्या सात निवासी अनंत गुप्ता को गिरफ्तार किया. चौरीचौरा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा.

## छेड़खानी का आरोपित चढ़ा हत्थे

उरुवा पुलिस ने बुधवार की सुबह किशोरी से छेड़खानी के आरोपी को उरुवा बाजार चौराहे से अरेस्ट कर लिया. पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया. मिली जानकारी के अनुसार उरुवा क्षेत्र के बेलपार निवासी दिनेश यादव के खिलाफ पुलिस धारा 354 क ख, 504, 7/8 व 9/10 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी. बुधवार की सुबह तकरीबन 8 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे उरुवा बाजार चौराहे से गिरफ्तार कर लिया.

# जिला जेल में शुरू हुई टेली मेडिसिन सुविधा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (14 July):** गोरखपुर जेल में बंद कैदियों के लिए राहत भरी खबर है. क्योंकि अब उन्हें इलाज के लिए जेल से अस्पताल नहीं ले जाना पड़ेगा, बल्कि जेल में ही उन्हें डॉक्टरों से ऑनलाइन परामर्श कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जाएगी. इसके लिए यहां जिला कारागार में बुधवार को टेली मेडिसिन की शुरुआत की गई है. इसके लिए अब कैदियों का ऑनलाइन ही डॉक्टरों से कंसल्ट कर इलाज जेल में ही हो जाएगा.

### गोरखपुर संग 8 जेलों में शुरू

दरअसल, अक्सर इलाज के लिए अस्पताल जाने के दौरान कैदियों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प भी होती रही है. ऐसे में कई बार अस्तपाल से कैदियों के भाग जाने की भी खबरें आई हैं. ऐसे में इस समस्या को देखते हुए जेल प्रशासन ने बुधवार को डीजी जेल ने गोरखपुर सहित जिला कारागार वाराणसी, केंद्रीय कारागार वाराणसी, जिला कारागार बरेली, केंद्रीय कारागार बरेली, जिला कारागार लखनऊ, जिला कारागार गौतमबुद्धनगर, जिला कारागार गाजियाबाद में टेली मेडिसिन सर्विस की ऑनलाइन शुरुआत की है.

### रोजाना जाते थे मरीज

जेलर पीए शुक्ला ने बताया कि जेल में ओपीडी है. डॉक्टर भी हैं, लेकिन गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए कैदियों को अस्पताल ले जाना पड़ता है. ऐसे में प्रतिदिन एक दो कैदी गंभीर बीमारी का हवाला देकर अस्पताल ले जाने के लिए दबाव डालते हैं. इससे पुलिस पर इन्हें ले जाने और लाने का दबाव तो बढ़ता ही है, साथ ही कैदियों के भागने और उनके बाहरी लोगों के संपर्क में आने का खतरा बना रहता है. लेकिन टेली मेडिसिन योजना के तहत जेल में ही उनका इलाज करने की शुरुआत हुई है. इससे ऐसे मामलों से पुलिस को निजात पाने में सफलता भी मिलेगी.

### सभी जेलों में होगी लागू

जेलर ने बताया कि हालांकि अभ सोनोग्राफी और एमआरआई जैसे टेस्ट के लिए आरोपियों को अस्पताल ले जाना पड़ेगा. एडीजी जेल ने बताया कि अभी ये योजना आठ जेलों में शुरू की गई है. लेकिन इसकी सफलता को देखते हुए जल्द ही इसे राज्य की सभी जेलों में भी लागू किया जाएगा.

Hindustan5.webp

## वांछित आरोपित गिरफ्तार

**भरौंह।** गोला थाना क्षेत्र के बाथबुजुर्ग निवासी रामनाथ शर्मा नामक वांछित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। एसआई आलोक राय ने बताया कि उस पर पीड़िता के पिता की तहरीर पर फरवरी 2020 में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## चोरी की बाइक के साथ चोर को दबोचा

**चौरीचौरा।** पुलिस ने बुधवार की सुबह रेलवे मालगोदाम के पास से चोरी की बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 10,800 नकदी भी बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। चौरीचौरा क्षेत्र से कुछ दिन पहले एक बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में लगी हुई थी।

Hindustan2.webp

## युवती के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** उरुवा पुलिस ने बुधवार की सुबह तकरीबन 8.30 बजे नकौझा मोड़ चौराहे से युवती को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के आरोपित को गिरफ्तार कर किया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के मठशोभा गांव निवासी सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# पीएसी की निगरानी में एकला बांध पर ही गिरेगा कूड़ा

### एक हफ्ते से कूड़ा गिराने का विरोध कर रहे हैं कुछ ग्रामीण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** शहर का कूड़ा एकला बांध पर गिराने के लिए नगर निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार से पीएसी की मौजूदगी में एकला बांध पर कूड़ा गिराया जा सकता है। ग्रामीणों के विरोध के कारण एक सप्ताह से एकला बांध पर कूड़ा नहीं गिर पा रहा है।

सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट न होने के कारण शहर का कूड़ा एकला बांध पर गिराया जाता है। तकरीबन चार साल से बांध के आसपास के ग्रामीण कूड़ा गिराने का विरोध कर रहे हैं। नगर निगम प्लांट की व्यवस्था होने तक कूड़ा गिराने का समय मांगता रहा है। एक सप्ताह पहले कुछ ग्रामीणों ने एकला बांध पर कूड़ा गिराने का विरोध शुरू कर दिया, इससे कूड़ा गिरना बंद हो गया।

दो दिन तक शहर का कूड़ा भी नहीं उठ सका। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने लालडिग्गी के पास नगर निगम की पांच एकड़ जमीन पर कूड़ा गिराने की शुरुआत कराई।



नगर निगम की ओर से गिराया जा रहा कूड़ा ● फाइल फोटो

दो दिन बाद एक व्यक्ति ने जमीन अपनी बताकर कूड़ा गिराने का विरोध शुरू कर दिया। उसने महिलाओं को साथ लेकर प्रदर्शन भी किया। इसके बाद लालडिग्गी में कूड़ा गिरना बंद हो गया।

कटनिया में भी ग्रामीणों के विरोध के कारण कूड़ा गिरना बंद हो चुका है। यहां नगर निगम प्रशासन बड़ी गाड़ियों से कूड़ा गिरा रहा था। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने कहा कि कूड़ा निस्तारण में कोई दिक्कत नहीं है। देवरिया रोड पर कूड़ा गिराया जा रहा है। एकला बांध पर भी कूड़ा गिराया जाएगा। ग्रामीणों की आशंका का समाधान कराया जा रहा है।

**देवरिया रोड पर गिराया जा रहा कूड़ा :** नगर निगम प्रशासन ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अफसरों से बात कर देवरिया रोड पर कूड़ा गिराने की शुरुआत कर दी है। अफसरों का कहना है कि अब एकला बांध पर कूड़ा गिराने से शहर का कूड़ा निस्तारित करने में आसानी होगी।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख की भाभी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा



पूर्व ब्लाक प्रमुख की भाभी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा करती पुलिस ● जागरण

## दवा विक्रेता हत्याकांड

- पुलिस ने कराई मुनादी, हत्यारोपित हैं सीमा यादव
- 19 जनवरी की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी रामआसरे की

**जागरण संवाददाता, खोराबार :** पूर्व ब्लाक प्रमुख शैलेश यादव की भाभी सीमा यादव के घर खोराबार पुलिस ने बुधवार को मुनादी कराकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। दवा विक्रेता रामआसरे मौर्य हत्याकांड में सीमा नामजद आरोपित हैं और अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

खोराबार के रामपुर गांव निवासी रामआसरे मौर्य क्षेत्र के बल्ली चौराहा पर दवा की दुकान चलाते थे। 19 जनवरी 2021 की रात में आठ बजे दुकान से घर लौटते समय रामआसरे की गोली मारकर हत्या कर दी गई।इस मामले में स्वजन ने पूर्व ब्लाक प्रमुख शैलेश यादव के पिता जवाहर यादव, उनकी बहू सीमा यादव समेत 13 नामजद और अज्ञात पर केस दर्ज किया था। जवाहर ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था, जिसे बाद में जमानत मिल गई लेकिन सीमा यादव ने अरेस्ट स्टे ले लिया था, जिसकी अवधि पूरी होने के बाद भी वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। विवेचक के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने 82 की कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बुधवार को फोर्स के साथ पहुंचे खोराबार थानेदार ने दरवाजे पर डुगडुगी पिटवाकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

# मुख्यमंत्री के पास पहुंचा मतांतरण का मामला, आरोपित हिरासत में

## बांसगांव क्षेत्र की महिला ने जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से की शिकायत, पहचान बदलकर कोर्ट मैरिज करने का लगाया आरोप, कार्रवाई के निर्देश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम भवन में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष मतांतरण का मामला आया। उन्होंने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है।

मूलरूप से बांसगांव क्षेत्र की महिला वर्तमान में रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में रहती है। महिला ने जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से शिकायत की कि कोतवाली क्षेत्र के नखास निवासी अमीरुल हक ने तीन वर्ष पहले हिंदू नाम बताकर उससे कोर्ट मैरिज कर ली। बाद में पहचान खुलने पर वह जबरन मतांतरण का दबाव बनाने लगा। मुख्यमंत्री के सामने मामला जाने के बाद पुलिस ने इसे काफी गंभीरता से लिया है। जनता दर्शन के बाद महिला को रामगढ़ताल थाने में बुलाया गया। प्रभारी निरीक्षक जेएन सिंह ने बताया कि आरोपित अमीरुल उर्फ अमीन को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**शिकायतों का निस्तारण न करने पर अधिकारियों पर नाराज हुए मुख्यमंत्री:** जनता दर्शन में एक ही तरह की शिकायत लेकर फरियादियों के बार-बार आने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अधिकारियों पर नाराज हुए और उन्हें फटकार लगाई। जमीन विवाद से जुड़े मामले लेकर फरियादी पहले भी आ चुके थे और मुख्यमंत्री ने निस्तारण के निर्देश भी दिए थे। इसके बावजूद मामलों का निस्तारण नहीं हुआ। उन्होंने जिलाधिकारी तथा एसएसपी को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। सर्वाधिक मामले थानों पर सुनवाई न होने एवं राजस्व से जुड़े थे। मुख्यमंत्री ने पिछली बार स्पष्ट कहा था कि तहसील एवं थाना स्तर के मामलों को वहीं निपटा दिया जाए। ये मामले मुख्यालय तक नहीं आने चाहिए।

उन्होंने कहा कि मामले यहां तक आ रहे हैं, इससे साबित होता है कि समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। गोरखपुर के इब्राहिमपुर निवासी राममिलन ने ड्यूक ग्रुप आफ फार्मिंग इंटरनेशनल के निदेशक कौशल किशोर सहित अन्य पर धनराशि के गबन का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री के समक्ष छह मामले ऐसे आए, जिनमें लोगों ने गंभीर बीमारी से जूझ रहे स्वजन के इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अस्पताल से एस्टीमेट बनवाकर देने को कहा।

**सऊदी अरब से भाई का शव मंगाने की लगाई गुहार:** जनता दर्शन में पहुंचे कुशीनगर जिले के कप्तानगंज क्षेत्र के ग्राम जमुआन निवासी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि उनके बड़े भाई बेचूलाल का सऊदी अरब में निधन हो गया है। उन्होंने बेचूलाल का शव मंगाने की मांग की।

**अलग-अलग जिलों से आए फरियादी:** जनता दर्शन में कई जिलों से फरियादी पहुंचे थे। अधिकतर के मामले राजस्व से जुड़े थे। महराजगंज के पनियरा क्षेत्र के बांकेलाल ने बड़े पिता पर गलत तरीके से जमीन नाम करा लेने व कुशीनगर के संतोष कुमार दुबे ने सांस्कृतिक संस्थान के लिए सुरक्षित जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत की। देवरिया के रुद्रपुर से आई प्रियंका सिंह ने अपनी जमीन से कब्जा हटवाने, कुशीनगर के परतावल के रंजीत शर्मा ने घर बनाने के लिए जमीन दिलाने, देवरिया के सलेमपुर क्षेत्र के ग्राम ठेगल ग्यास निवासी जयमल चौहान ने अपनी जमीन पर अवैध निर्माण को रोकवाने की मांग की।



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ •सौ.गोरखनाथ मंदिर

### परफार्मेंस ग्रांट के 47 लाख रुपये के फर्जी भुगतान के प्रयास की शिकायत

भटहट : परफार्मेंस ग्रांट के लिए चयनित ग्राम पंचायत जंगल हरपुर में गड़बड़ी का मामला बुधवार को मुख्यमंत्री तक पहुंचा। गांव के निवासी रामचंद्र चौहान ने जनता दर्शन में उपस्थित होकर 47 लाख रुपये के फर्जी भुगतान कराने के प्रयास की जानकारी दी। बताया कि यह काम करने वाली फर्म पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत जंगल हरपुर में परफार्मेंस ग्रांट के तहत पचास लाख रुपये की प्रथम किस्त जारी हुई थी। 24 दिसंबर को डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग कर खाते से 47 लाख रुपये का बिना आवश्यक कार्यवाही पूर्ण किए एक ही फर्म को भुगतान करने का मामला प्रकाश में आया था। सचिव द्वारा अधिकारियों को लिखित सूचना देने के साथ ही बैंक में भुगतान रुकवाने का पत्र दिया गया था। मामले की जांच ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुराग जैन के नेतृत्व में गठित कमेटी ने की थी।

### परंपरागत रही मुख्यमंत्री की दिनचर्या

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। सुबह गुरु गोरखनाथ की पूजा करने के बाद उन्होंने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और गोशाला में करीब आधा घंटा तक गायों के बीच रहे। उन्होंने गायों को गुड़ व चना खिलाया। इस दौरान मंदिर के सचिव द्वारिका तिवारी, अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कुछ उद्यमियों सहित कई लोगों से बात की। दिन में कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री करीब दो बजे गोरखनाथ मंदिर लौटे। यहां से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ओलिंपिक में भाग लेने के लिए चयनित खिलाड़ियों से बात की। मुख्यमंत्री शाम पांच बजे के बाद हेलीकाप्टर से वाराणसी के लिए रवाना हो गए।

# बंदियों को दी जाएगी टेलीमेडिसिन की सुविधा

अमर उजाला ब्यूरो

## निशुल्क इलाज के साथ दवाएं भी दी जाएंगी

**गोरखपुर।** जिला कारागार के बंदियों को अब टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध होगी। चिकित्सक ऑनलाइन उनकी सेहत जांचेंगे और उचित परामर्श देंगे। इसके साथ ही उन्हें दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

जानकारी के मुताबिक, प्रदेश सरकार ऐक्सिस एग्लो एवं एमएस कोर हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बंदियों को दवाएं उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा टेलीमेडिसिन एवं सभी प्रकार के जांच की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध होगी। फिलहाल यह सुविधा उत्तर प्रदेश की आठ जेलों में उपलब्ध है। इसमें गोरखपुर



जेल भी शामिल है। इसका वर्चुअल शुभारंभ पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक कारागार की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक प्रेमसागर शुक्ला, डिप्टी जेलर बृजेश पांडेय, मुकेश प्रकाश एवं जेल परामर्शदाता अश्विनी कुमार उपस्थित थे।

# चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया युवक

**चौरीचौरा।** रेलवे माल गोदाम के पास बुधवार सुबह पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ मुंडेरा बाजार वार्ड संख्या सात निवासी अनंत गुप्ता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, चिलुआताल थाना क्षेत्र के भगवानपुर कोईरी टोला निवासी सुनील कुमार 11 जुलाई की रात साढ़े बारह बजे बाइक से अपने भतीजे को खोजते हुए चौरीचौरा रेलवे स्टेशन पहुंचे। बाइक को रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी कर भतीजे का पता लगाने अंदर गए थे। जब स्टेशन से बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। चौरीचौरा पुलिस ने सुनील कुमार की तहरीर पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। ब्यूरो

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख की भाभी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

अमर उजाला ब्यूरो

**घर के बाहर काफी देर तक पुलिस ने डुगडुगी भी पिटवाई**

**खोराबार (गोरखपुर)।** खोराबार के पूर्व ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव की भाभी सीमा यादव पत्नी दुर्गेश के घर बुधवार को पुलिस ने मुनादी कराकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। हत्या के मामले में सीमा भी नामजद आरोपित है, जो फरार है। घर के बाहर काफी देर तक पुलिस ने डुगडुगी भी पिटवाई।

जानकारी के मुताबिक, 19 जनवरी 2021 की रात आठ बजे बल्ली चौराहे के पास मेडिकल स्टोर संचालक रामश्रेय मौर्या की गोली मारकर हत्या की गई थी। इस मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव के पिता जवाहर यादव, उनकी बहू सीमा यादव समेत 13 नामजद और अज्ञात पर केस दर्ज हुआ था।

जवाहर ने कोर्ट में समर्पण किया था, उनको जमानत मिल गई थी, लेकिन सीमा यादव ने स्टे लिया था। स्टे आर्डर की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी वह हाजिर नहीं हुई और तभी से फरार है।

# DEORIYA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि 15/7/21

# बाल सेवा योजना व बाल संरक्षण योजना की समीक्षा

देवरिया(एसएनबी)। उ.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या डा. शुचिता चतुर्वेदी की अध्यक्षता में धनवन्तरि सभागार में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व बाल संरक्षण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में डा. सुचिता चतुर्वेदी द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं बाल संरक्षण उपस्थित कोविड-19 महामारी से प्रभावित बच्चों से मिला गया। बच्चों को सांत्वना दिया गया कि आपकी देखभाल उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के माध्यम से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जनपद देवरिया के ब्लाक रूद्रपुर के ग्राम सभा मदनपुर में स्थित अंजुमन इस्लामिया मदरसा,



योजना की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये गये कि बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगण आपस में समन्वय स्थापित कर उक्त योजना से अधिकाधिक पात्र बालक/बालिकाओं को लाभान्वित करायें तथा कोई भी पात्र बालक/बालिका इस योजना से वंचित न रहें।

जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि योजना के अन्तर्गत 106 बच्चों का अनुमोदन जिला टास्क फोर्स से करा लिया गया है। जिसमें निराश्रित 05 व एकल अभिभावक 101 बच्चे है। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह निर्देश दिये गये कि जनपद देवरिया में संचालित सभी विद्यालयों में प्रत्येक सप्ताह में एक दिवस के एक सेशन में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल संरक्षण योजना तथा समस्त सरकारी योजनाओं के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों को बुलाकर जानकारी प्रदान करायें। मुख्य चिकित्साधिकारी से मीनू चार्ट के बारे में जानकारी लिया गया।

नवीन संचालित थाना ए.एच.टी.यू. एवं राजकीय बाल गृह (बालक) का निरीक्षण किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आलोक पाण्डेय, उपजिलाकिारी बरहज सुनील कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पंचम लाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुरेन्द्र कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मीनू सिंह, श्रम प्रवर्तन अकिारी शशि सिंह, प्रभारी एएचटीयू बदरूद्दीन खाँ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका प्रतिनिधि डा. रीता सिंह, जिला प्रोबेशन कार्यालय कार्मिक ओमप्रकाश यादव व राकेश कुमार एवं महिला शक्ति केन्द्र, डी.सी.पी.यू., वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड लाइन कोलैब/रेलवे, खुला आश्रय गृह एवं उपरयुक्त संस्था श्याम सुन्दर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के कार्मिकों ने

हिन्दुस्तान दि॰ 15/7/21

# बेटे ने ही हटाया था नकदी-जेवर चोरी की सूचना झूठी निकली

देवरिया | निज संवाददाता

शहर के भुजौली कालोनी मोहल्ले में 30 लाख रुपये की चोरी का खुलासा कोतवाल राजू सिंह ने बुधवार को कर दिया। पुलिस की जांच में चोरी की घटना झूठी निकली। कारोबारी के बेटा ने वैक्सीन के लिए घर से जाते समय रुपया और जेवरात दूसरे स्थान पर रख दिया था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भुजौली कालोनी मोहल्ला के रहने वाले श्रवण कुमार मद्धेशिया की चीनी मिल चौराहे पर मां सरस्वती इंटर प्राइजेज की दुकान है। उनका बेटा दीपक मद्धेशिया अपनी मां को लेकर मंगलवार की सुबह दस बजे कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए गौरीबाजार गया था। कारोबारी श्रवण को पड़ोसियों ने घर का फाटक खुला होने की सूचना दिया। पीड़ित घर पहुंचे और इसकी जानकारी सदर कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली के एसएसआई विपिन मलिक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसएसआई ने पीड़ित परिवार से चोरी के बारे में जानकारी ली। पुलिस टीम ने परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही घर में कार्य करने वाली दाई के बारे में भी जानकारी ली। पुलिस ने घर में कार्य करने वाली महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो कारोबारी के बेटे द्वारा रुपये निकालने की बात सामने आई।

## खुलासा

- सदर कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में किया घटना के खुलासा
- कारोबारी के बेटे से पूछताछ में सामने आई सच्चाई

पुलिस ने कार्य करने वाली महिला का काल डिटेल निकाला तो उसके और कारोबारी के बेटे के साथ बात होने की बात सामने आई। कारोबारी को इसके बारे में जानकारी होने पर उसने घर में चोरी नहीं होने की बात कहते हुए तहरीर देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने कारोबारी के बेटे और कार्य करने वाली महिला को भी छोड़ दिया।

दैनिक जागरण दि० 1६।7।21

# व्यवसायी के घर में नहीं हुई थी चोरी, बेटे ने निकाले थे रुपये

जागरण संवाददाता, देवरिया : शहर के भुजौली कालोनी स्थित कबाड़ व्यवसायी के घर चोरी नहीं हुई थी। कबाड़ व्यवसायी के बेटे ने रुपये निकाल लिए थे। पुलिस की जांच में सच सामने आ गया।

भुजौली कालोनी के रहने वाले श्रवण कुमार मद्धेशिया कबाड़ व्यवसायी हैं। मंगलवार को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए वह पत्नी व बेटे के साथ गौरीबाजार चले गए। एक घंटे बाद जब वह लौटे तो मकान का ताला टूटा था और उन्होंने दस लाख रुपये नकद व लाखों के जेवर चोरी होने का दावा किया। जिसके बाद से ही पुलिस घटना के पर्दाफाश में जुटी थी। अगले ही दिन पुलिस ने चोरी न होने का दावा करते हुए हिरासत में लिए गए लोगों को छोड़ दिया। पुलिस के इस दावे की कबाड़ व्यवसायी श्रवण ने भी पुष्टि की। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि चोरी नहीं हुई है। व्यवसायी को रुपये व आभूषण मिल गए हैं।

## पर्दाफाश

- नौकरानी व बेटे को पुलिस ने हिरासत में लिया, तब खुला राज
- भुजौली कालोनी में कबाड़ी के घर दिनदहाड़े चोरी का मामला

## यह है दावा

पुलिस ने श्रवण के बेटे व नौकरानी को पूछताछ के लिए उठाया तो पहले तो वह दोनों घंटों पुलिस को घुमाते रहे। बाद में नौकरानी ने बताया कि मालिक के बेटे को तिजोरी खोलते मैंने देखा। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो बेटे ने सच बता दिया। उसने तिजोरी से रुपये निकाल कर दूसरे स्थान पर रख दिया था और पिता को यह बात नहीं बताई। पुलिस ने काल डिटेल खंगाला तो नौकरानी व श्रवण के बेटे के बीच मोबाइल पर बातचीत की पुष्टि हुई। श्रवण का इकलौता बेटा नोएडा में बीटेक अंतिम वर्ष का छात्र है।

दैनिक जागरण दि. 15/7/21

# फरार शिक्षकों की गिरफ्तारी में जुटी कोतवाली पुलिस

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले के दो अनुदानित विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति में फर्जी अनुमोदन के साथ ही करोड़ों रुपये के हुए भुगतान के मामले में आरोपित शिक्षकों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पुलिस ने दबिश तेज कर दी है। बुधवार को कई स्थानों पर पुलिस ने दबिश दी, लेकिन आरोपित शिक्षक पुलिस के हाथ नहीं लग सके। उधर एसटीएफ की टीम जल्द ही बीएसए कार्यालय पुनः आ सकती है।

लघु माध्यमिक विद्यालय मदरसन व सहदेव पूर्व माध्यमिक विद्यालय में फर्जी अनुमोदन के आधार पर हुई शिक्षकों की नियुक्ति व भुगतान के पर्दाफाश के बाद वित्त एवं लेखाधिकारी जगदीश लाल श्रीवास्तव समेत 19 लोग आरोपित बनाए गए हैं। विवेचना सदर कोतवाल राजू सिंह कर रहे हैं। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने गौरीबाजार, रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के तीन स्थानों पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी, लेकिन आरोपित शिक्षक पुलिस के हाथ नहीं लग सके। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

अमर उजाला दि. 15/7/21

# आज एसपी करेंगे कोतवाली की मेस का उद्घाटन

**सलेमपुर**। कोतवाली में स्थित रसोईघर कर उद्घाटन बृहस्पतिवार की सुबह एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र करेंगे। यह जानकारी नवीन कुमार मिश्र ने दी। संवाद

अमर उजाला दि॰ 15/7/21

# आत्महत्या करने के लिए जा रहे शख्स को बचाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** न उम्र की सीमा हो, न जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई, तो देखे केवल मन। यह गीत गौरी बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला और उसके प्रेमी पर सटीक बैठता है।

पांच बेटियों की एक मां अपने पट्टीदारी के प्रेमी पर इस कदर दिवानी हुई कि नाबालिगों को छोड़कर प्रेमीसंग चली गई। प्रेमी ने महिला के पति से हर माह चार हजार रुपए खर्च की मांग की है। ऐसा करने पर जान से मारने की धमकी दी है। इससे आजिज आकर पति ने मंगलवार को आत्महत्या करने की ठान ली और घर से निकल पड़ा। संयोग अच्छा था कि एक व्यक्ति ने समझाबुझाकर शांत करा दिया। पीड़ित एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

**पांच बच्चों का पिता पत्नी के प्रेमी संग भागने और खर्च मांगने से आहत है**

बुधवार को एसपी आफिस पहुंचे अपने पांच बच्चों के साथ पिता ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया है कि उसकी पत्नी को सात जुलाई को गांव का एक व्यक्ति अपने प्रेमजाल में फंसा कर भगा ले गया है। जब उसे इसकी जानकारी हुई तो पत्नी को वापस देने के लिए आरोपी से फोन पर गुहार लगाने लगा लेकिन उसने एक न सुनी।

उसके परिजन मारपीट करने पर उतारू हो गए। घटना की तहरीर गौरी बाजार थाने पर दी लेकिन किसी ने एक न सुनी। सुबह अपने बच्चों के साथ पहुंचे पीड़ित की फरियाद सुन रहे मुख्य अग्नि शमन अधिकारी ने मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# सात प्रतिबंधित पशु बरामद

**समउर बाजार।** क्षेत्र के समउर-तमकुही मार्ग पर समउर चौकी पुलिस ने एक पिकअप से सात प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान पशु तस्कर मौके से फरार हो गए। तस्कर पशुओं को लेकर बिहार के लिए जा रहे थे। समउर चौकी पर तैनात सिपाही रविन्द्र सिंह, जय सिंह और अजय बुधवार की भोर में गश्त से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान समउर-तमकुही मार्ग पर झरही पुल के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप ओवरटेक कर भागने लगा। सिपाहियों को संदेह होने पर उसका पीछा करना शुरू किया। शराब भट्टी के पास पहुंचते ही पिकअप का अगला पहिया खुल गया, गाड़ी बेकाबू हो गई तो चालक व तस्कर पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गए।

# पुलिस को देखकर भागे पशु तस्कार

**समउर बाजार।** पटहेरवा थाने की पुलिस ने बुधवार की भोर में समउर बाजार के पास एक पिकअप पर लदे सात गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया। पुलिस को देखकर तस्कर पशुओं से भरे पिकअप के छोड़कर भाग गए। पटहेरवा थाने की पुलिस ने सूचना के आधार पर लबनिया चौराहे के पास घेराबंदी की। तभी एक पिकअप आते दिखा। पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने का इशारा किया तो चालक पिकअप लेकर भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर समउर बाजार के पास पिकअप का एक पहिया खुल गया, जिससे वाहन चालक पिकअप को वहीं छोड़कर भाग गया। एसओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पशुओं समेत वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। संवाद

# 'अपराध रोकने में लोगों का सहयोग जरूरी'

**भैंसही बाजार।** खोट्ठा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में अहिरौली बाजार पुलिस ने गांव के लोगों और व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लोगों से अपेक्षित सहयोग की अपील की गई। एसओ संजय कुमार सिंह ने कहा कि छोटे-छोटे मामलों की अनदेखी बड़े घटनाओं को बढ़ावा देती है। कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस को तत्काल सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई कर अपराध पर नियंत्रण किया जा सके। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रवीण कुमार सिंह उर्फ पुन्नू, पटेश्वर यादव, रविंद्र यादव, राम परसन सिंह, देवेंद्र कुमार पांडेय, दिनेश, जनार्दन, सोनू पटेल, श्याम नारायण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

गोरखपुर। बृहस्पतिवार • 15 जुलाई • 2021

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

# तस्करी पर कस रहा शिकंजा, हो रही छापेमारी

**निचलौल।** भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में हो रही तस्करी को रोकने के लिये एसडीएम निचलौल ने कड़े तेवर अख्तियार किये हैं। एसएसबी के साथ मिल कर ताबड़तोड़ की जा रही छापेमारी में भारी मात्रा में तस्करी के सामान बरामद हो रहे हैं। तस्करी पर कसते शिकंजा से तस्कर रैकेट के सदस्यों में हड़कंप मचा है।

बता दें कि सीमा क्षेत्र में कनाडियन मटर, नेपाली कबाड़, साउथ अफ्रीकन मक्का व अन्य कई वस्तुओं की तस्करी अवैध होते हुए भी एक मान्य धन्धा हो गया है। इस पर लगाम लगाने के कथित प्रयास पर पहले अक्सर सवाल उठते रहे हैं। इधर एसडीएम प्रमोद कुमार की निचलौल तहसील में तैनाती के बाद से तस्करो व उनकी मिलीभगत वालों के दिन बुरे साबित हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि अपनी प्राथमिकता में एसडीएम प्रमोद कुमार ने तस्करी पर लगाम लगाने में सख्त रवैया अपनाया है। इस क्रम में हो रही ताबड़तोड़ छापेमारी में रोज कुछ न कुछ बरामी होने से तस्करो में हड़कंप मच गया है। कुछ दिनों पूर्व तक जहां सड़कों पर दिन दहाड़े तेज गति में विदेशी मटर लदे वाहनों को दौड़ाते दुर्घटनाओं को अंजाम देने की कीमत पर तस्करी में लिप्त कनाडियन मटर के तस्करो में कोई खौफ नहीं दिखता था। वहीं अब रात के अंधेरे में भी तस्करी करने वालों के होश उड़े रह रहे हैं कि कहीं वे पकड़ न लिये जाय। सुरक्षा एजेंसियों का सिस्टम वही है लेकिन सिर्फ एक अधिकारी के कड़े तेवर से अब तस्करो की पतलून गीली होती नजर आ रही है। पिछले एक पखवारे में शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरा हो जब एसडीएम के नेतृत्व में एसएसबी व पुलिस ने तस्करी का कुछ माल बरामद न किया हो। छापेमारी की बात करें तो बीती शाम एसएसबी झुलनीपुर के सहायक कमांडेंट व कस्टम अधीक्षक निचलौल की टीम के साथ एसडीएम ने ग्राम डिगही के छोटका टोला में एक घर में छापेमारी कर 225 बोरी साउथ अफ्रीकन मक्का बरामद कर एक आरोपी को सीआरपीसी की धारा 110 के तहत पाबंद भी किया है। इसी क्रम में एसएसबी ठूठीबारी की टीम के साथ जांच में एसडीएम ने नेपाल से लाया गया 10 टन कबाड़ लदे एक कंटेनर को सीज कर कस्टम के हवाले करा दिया है। अगले दिन की एक कार्रवाई में एसएसबी झुलनीपुर की टीम के साथ ग्राम करमहिया के पतौना टोला में छापेमारी कर एक मकान से 108 बोरी विदेशी मटर बरामद कर मौके से एक को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि बीते 12 जून को धमउर से 254 बोरी, 25 जून को रेंगहिया से 79 बोरी, 5 जुलाई को झुलनीपुर व रेंगहिया से 225 बोरी तथा 12 जुलाई को इटहिया से 83 बोरी कनाडियन मटर बरामद हुआ था।



**बरामद मटर के साथ एसडीएम व एसएसबी टीम।**

**सिन्दुरिया** प्रतिनिधि के अनुसार पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित व खुशहाल रहेगा। मौजूदा आबादी को भरपूर आक्सीजन देने के लिए पेड़-पौधों की संख्या नाकाफी साबित हो रही है। यदि समय रहते हम न चेते तो बहुत देर हो जाएगी। इस असंतुलन से ही पर्यावरण प्रदूषण का खतरा मंडरा रहा है। प्रति मानव को मुफ्त में आक्सीजन समेत अनेक उपहार देती है।उक्त बातें सिन्दुरिया थाना परिसर में बुधवार को पौधरोपण करते हुए थानाध्यक्ष सिन्दुरिया अजीत कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि मानव भाग-दौड़ की आपाधापी में पेड़-पौधों की महत्ता को ऐसे भूला देता जैसे उसके जीवन में पेड़-पौधों का कोई महत्व ही नहीं है।साथ ही कहा कि मानव का यह नैतिक धर्म होना चाहिए कि पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना होगा। पौधे न सिर्फ आक्सीजन देते बल्कि फूल, फल, औषधि व इमारती लकड़ियां भी देते हैं।

# थाना प्रभारी हुए सम्मानित

**पुरन्दरपुर।** थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय को गोरखपुर ऐडीजी अखिल कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया एडीजी द्वारा सम्मानित किए थाना प्रभारी को थानाक्षेत्र के सैकड़ो जनप्रतिनिधयों द्वारा उन्हें बधाई दिया गया। पुरन्दरपुर थाना में तैनात प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रय को अभी महज दो महीने को होने का है।बताया गया कि उन्हों जबसे थाना पुरन्दरपुर का इंचार्ज मिला है तबसे क्षेत्र की समस्या से लेकर थाने के तौर तरीके व बिट प्रणाली के सत्यापन में परिपूर्ण कुशल नेतृत्व पाया गया साथ ही एडीजी द्वारा गोरखपुर टीम भेज कर स्थानीय थाना पुरन्दरपुर का विधवत जांच पड़ताल भी किया लेकिन कोई ऐसी कमी नही मिली जिससे थाना प्रभारी रवि कुमार राय की छबि धूमिल हो सके उक्त अवसर पर टीम द्वारा क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत परसोहिया में भी बिट प्रणाली को लेकर ग्रामीणों बैठक करते हुए सत्यापन भी किया साथ ही उक्त कार्यक्रम के बाद थाना प्रभारी रवि कुमार राय का फीडबैक बेहतर देखते हुए उन्हें प्रस्सति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया उक्त थाना प्रभारी को बधाई देने वाले जनप्रतिन्ध्यो में तबरेज आलम,सबरे आलम,विनोद गुप्ता, इंदल यादव,उमेश जायसवाल,संतोष चौरसिया,उपेन्दर,रमाकांत,सुरेश चन्द सहानी,सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# दस बोरी तस्करी का हार्डवेयर बरामद

**सोनौली।** भारत नेपाल की सोनौली सरहद पर सुरक्षाबलों ने दस बोरी लावारिश हार्डवेयर के सामान बरामद कर उसे कस्टम अधिनियम के तहत सीजकर दिया। उक्त कार्यवाही प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार तिवारी के निर्देश पर चौकी प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह ने की। कोतवाल श्री तिवारी ने बताया कि बीती देर रात पुलिस व एसएसबी के अधिकारी व जवान गश्त पर थे। तभी श्यामकाट बाग के समीप भारतीय क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा बोरों में कुछ सामान जमा किये जाने पर नजर पड़ी। जवानों को देखते हुए तस्कर नेपाल की ओर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। सुरक्षाबलों ने उक्त सामानों को अपने कब्जे में लेकर उसे सीजकर कस्टम विभाग को सौंप दिया।



**तस्करी के सामानों के साथ सुरक्षाबल।**

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

# कंटेनर पर लदी 10 टन अवैध कबाड़ बरामद, एक गिरफ्तार

**ठूठीबारी।** सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रही अवैध तस्करी को संज्ञान लेते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार व एसएसबी असिस्टेंट कमांडेन्ट सोलिन सेलवन एम के सयुंक्त विशेष सर्च आपरेशन के दौरान कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत चन्दन पुल के समीप कंटेनर पर लदी 10 टन अवैध कबाड़ के साथ एक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही हेतु स्थल सीमा शुल्क चौकी सुपुर्द किया गया। इंडो-नेपाल सीमा विगत 23 मार्च से सील होने के बावजूद सरहदी क्षेत्र में हो रही तस्करी को संज्ञान लेते हुए आज अपराह्न एसडीएम प्रमोद कुमार व एसएसबी असि. कामांडेन्ट सोलिन सेलवन एम के सयुंक्त विशेष सर्च आपरेशन के दौरान ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चन्दन पुल के समीप मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध कंटेनर को रोका। तलाशी के दौरान कंटेनर में लदी 10 टन अवैध कबाड़ (प्लास्टिक) बरामद किया। मौके पर कबाड़ के संबंध में कोई प्रपत्र नहीं मिला। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम फरमूर हसन पुत्र मकबूल हसन निवासी पुरनपुर जिला पीलीभीत बताया। सयुंक्त टीम ने अवैध कबाड़ मय कंटेनर को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही हेतु स्थल सीमा शुल्क चौकी ठूठीबारी सुपुर्द कर दिया।

# दस बोरी हार्डवेयर सामान बरामद

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली के श्याम काट बगीचे के पास एसएसबी व सोनौली पुलिस की संयुक्त गस्ती टीम ने दस बोरी तस्करी के हार्डवेयर सामान बरामद कर कस्टम एक्ट के तहत सीज कर दिया है। तस्कर अंधेरे का लाभ लेकर नेपाल की तरफ भागने में कामयाब हो गए। बीती रात एसएसबी सोनौली और सोनौली पुलिस सयुक्त रूप से भारत नेपाल के पगडंडियों पर गस्त कर रही थी। उसी दौरान रात करीब 11 बजे श्याम काट बगीचे के पास नेपाल से करीब 100 मीटर पहले पगडंडियों के रास्ते पर कुछ लोग सामान एकत्रित कर खड़े मिले। टीम को देखते ही सभी सामान को वही छोड़कर नेपाल की तरफ भाग गए। मौके पर पहुंची टीम ने सामानों की जांच किया।

# छापेमारी में मक्का, प्लास्टिक स्क्रैप व कनेडियन मटर पकड़ी

**निचलौल | हिन्दुस्तान संवाद**

एसडीएम निचलौल प्रमोद कुमार व एस एस बी झुलनीपुर के असिस्टेंट कमाण्डेन्ट सोलिन सेलवन की संयुक्त टीम ने तीन स्थानों पर छापेमारी कर मक्का, नेपाली प्लास्टिक स्क्रैप व कनेडियन मटर पकड़ी है।

टीम ने ठूठीबारी कोतवाली के ग्राम डीगही के छोटका टोला पर छापेमारी कर हरेन्द्र गुप्ता के घर से 225 बोरी पॉपकॉर्न वाला मक्का पकड़ा है। टीम ने पकड़े गए मक्का को सीज कर कस्टम को सौंप दिया है। इस मामले में एसडीएम ने पकड़े गए हरेन्द्र के विरुद्ध सीआरपीसी की धारा 110 में पाबंद किया है। टीम ने दूसरी बरामदगी संयुक्त गश्त के दौरान ठूठीबारी के पास चंदन नदी पुल पर किया। नेपाल की तरफ से रात में एक ट्रक पर प्लास्टिक का स्क्रैप 10 हजार किग्रा लादकर लाया जा रहा था। टीम ने गाड़ी रोककर इसके कागजात मांगे तो किसी प्रकार का वैध कागजात नहीं मिला।

# महराजगंज में मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली

फरेंदा | **हिन्दुस्तान संवाद**

बृजमनगंज क्षेत्र के बनगढ़िया में बुधवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर टीसू उर्फ अकरम घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस कर्मियों ने उसे फरेंदा सीएचसी में भर्ती कराया फिर वहां से जिला अस्पताल ले जाया गया।

एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया की मुठभेड़ में घायल बदमाश टीसू उर्फ अकरम नौतनवा कस्बे के बहादुरशाह नगर वार्ड का रहने वाला है। वह थाना का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, लूट और छिनैतरी के 12 मुकदमे दर्ज हैं। बृजमनगंज थाना में भी बुधवार को एक लूट का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस टीम जांच कर रही थी। उसी दौरान बनगढ़िया के पास वह बाइक पर अपने दो साथियों के साथ मिल गया।

## कामयाबी

- बृजमनगंज क्षेत्र के बनगढ़िया में पुलिस से हुई मुठभेड़
- फरेंदा सीएचसी के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल किया रेफर

पुलिस पार्टी को देख वह फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में एक गोली टीसू उर्फ अकरम के बाएं पैर में लगी जिससे वह घायल होकर गिर गया। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश के दो साथी जंगल में फरार हो गए। पुलिस की टीम उन्हें तलाश रही है।

टीशू उर्फ अकरम का पिता इस्लाम 10 साल पहले नेपाल के बुटवल के पास हुए बम विस्फोट के मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह अभी भी नेपाल की जेल में बंद है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बरगदवा :** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका को भगाकर दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरगदवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की को थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी एक युवक 15 दिन पूर्व बहलाकर भगा ले गया था। मामले में लड़की के पिता ने आरोपित के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस आरोपित युवक के खोजबीन में जुटी हुई थी।

# गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने बुधवार शाम नगर के चौक-चौराहे व वार्डों में गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। 15 जुलाई नौतनवा तहसील में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर सपाई विरोध प्रदर्शन करेंगे। इंस्पेक्टर ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिका क्षेत्र में गश्त अभियान चलाया गया। माहौल बिगाड़ने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक शुभनरायण दुबे, उपनिरीक्षक अरविंद यादव, हौसला प्रसाद, गौरव यादव, कांस्टेबल रेनू मिश्रा, सरोज सिंह आदि उपस्थित रहे।



नौतनवा स्थित बनैलिया मंदिर मार्ग पर फ्लैग मार्च करती पुलिस ● जागरण

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली, दो बदमाश फरार

## घायल बदमाश मेडिकल कालेज रेफर, दर्ज हैं 12 मुकदमे

**जागरण संवाददाता, बृजमनगंज:** थाना क्षेत्र के बनगढ़िया के पास बदमाशों और पुलिस के बीच बुधवार की रात मुठभेड़ हुई, जिसमें नौतनवा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लग गई। जबकि दो बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। घायल को सीएचसी बनकटी से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली की कुछ बदमाश बाइक से लूट करने की नियत से निकले हैं। सूचना पर सक्रिय पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम बनगढ़िया के पास घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। इस बीच एक बाइक पर तीन सवार लोग आते नजर आए, जिन्हें पुलिस ने रोकने की कोशिश की। लेकिन वह रूके नहीं और पुलिस पर फायर कर भागने लगे। जवाब में पुलिस ने भी फायर झोंक दी। जिससे एक बदमाश के दाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लग गई। जांच पड़ताल में उसकी पहचान टीशुल उर्फ वसीम निवासी भुंडी, बहादुरनगर नौतनवा के रूप में हुई है।



सीएचसी बनकटी में पुलिस की गिरफ्त में घायल टीशुल उर्फ वसीम ● जागरण

सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता और पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दूबे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश के पर नौतनवा थाना में करीब 12 मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा बृजमनगंज में भी मोबाइल छिनैती का मुकदमा दर्ज है। वह मोबाइल चोरी का गिरोह चलाता है। मुठभेड़ के दौरान एसओजी प्रभारी शशांक शेखर, थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह, अनग कुमार धनंजय, देवेंद्र, प्रेम शंकर दूबे आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर में

### मोबाइल चोर गिरफ्तार

**श्यामदेउरवा :** स्थानीय थाना पुलिस ने क्षेत्र के गोधवल चौराहा पर चोरी की गई मोबाइल को बेचने आए एक संदिग्ध को पकड़ा लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच मोबाइल बरामद हुआ है। निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, राजनरायन राम, उपेंद्र गौड़ के साथ गोधवल चौराहा पर थे। उसी दौरान एक संदिग्ध को घूमते हुए देखा शक होने पर उसे पकड़ा। नाम पूछने पर प्रदुम्न ग्राम सोमली पश्चिम टोला, थाना कप्तानगंज, जिला कुशीनगर बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।(जासं.)

# पुलिस फायरिंग में बदमाश घायल

## बृजमनगंज के बनगढ़िया पुल पर पुलिस और बदमाशों में हुई मुठभेड़

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/फरेंदा।** बृजमनगंज क्षेत्र के बनगढ़िया पुल के पास पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। पुलिस की फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। वहीं उसके दो साथी जंगल में फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

सीओ फरेंदा सुनील दत्त दूबे ने बताया कि बनगढ़िया चौराहे के समीप एक बाइक पर तीन बदमाश सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में पुलिस टीम के साथ खड़े थानाध्यक्ष बृजमनगंज कमलेश प्रताप सिंह ने उनको रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस भी फायरिंग करते हुए उनका पीछा किया। बनगढ़िया पुल के समीप अंधेरा होने के कारण बदमाश गड्ढे में गिर गए। उसी दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश नौतनवां के भुंडी मोहल्ला निवासी टीशुल उर्फ वसीम घायल हो गया। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर उसके दो साथी जंगल में छिप गए। पुलिस ने सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पांच थानों की पुलिस मौके पर पहुंच कर बदमाशों की तलाश करते हुए जंगल को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए। घायल बदमाश को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले जाया गया। जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल बदमाश हिस्ट्रीसीटर सहित कई गंभीर मामले दर्ज है। मंगलवार को भी बृजमनगंज क्षेत्र में मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिए थे।



मुठभेड़ में घायल बदमाश को पुलिस जिला अस्पताल ले गई। संवाद

# देसी शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**भवानीगंज।** थानाक्षेत्र में 37 शीशी देसी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि चेकिंग के दौरान फूलचंद निवासी पुरैना के पास 15 शीशी देसी शराब व विनोद उर्फ बबलू निवासी भानपुररानी टोला चुल्हई डिहवा के पास 22 शीशी देसी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# दस बोरी हार्डवेयर बरामद

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली के श्याम काट बगीचे के पास एसएसबी और सोनौली पुलिस की संयुक्त टीम ने दस बोरी हार्डवेयर सामान बरामद कर कस्टम एक्ट के तहत सीज कर दिया है। तस्कर अंधेरे का लाभ लेकर नेपाल की तरफ भागने में कामयाब हो गए। यह जानकारी कोतवाल सोनौली दिनेश कुमार तिवारी ने दी। संवाद

# 225 बोरी साउथ अफ्रीकन मक्का बरामद

**एसएसबी जवानों ने एक को हिरासत में लिया**

निचलौल। कोतवाली ठूठीबारी थाना क्षेत्र के डिगही गांव के छोटका टोला पर एसडीएम प्रमोद कुमार की मौजूदगी में झुलनीपुर बीओपी के एसएसबी जवानों ने मंगलवार की रात को मुखबिर की सूचना पर छापा डाला। इस दौरान टीम ने एक मकान में छिपाकर रखा गया 225 बोरी साउथ अफ्रीकन मक्का बरामद की। जबकि मौके से एक व्यक्ति को भी टीम ने पकड़ लिया। टीम ने बरामद मक्का और पकड़े गए व्यक्ति को कस्टम को सुपुर्द कर दिया है।

एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि डिगही गांव के छोटका टोला पर एक मकान के अंदर नेपाल से बड़े पैमाने पर साउथ अफ्रीकन मक्का छिपाया गया है। उक्त सूचना के आधार पर झुलनीपुर बीओपी के एसएसबी जवानों के साथ छापा डालकर संदिग्ध मकान की सघन तलाशी ली गई। मकान से 225 बोरी साउथ अफ्रीकन मक्का बरामद हुआ। वहीं मौके से एक व्यक्ति को भी पकड़ लिया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम हरेंद्र गुप्ता

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# सपा का प्रदर्शन आज, प्रशासन ने की मॉकड्रिल

## अलर्ट

बस्ती | निज संवाददाता

प्रदेश सरकार के खिलाफ 15 जुलाई को प्रस्तावित सपा के प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन अलर्ट पर है। जिले के चारों तहसीलों में प्रदर्शन के मद्देनजर एक्शन प्लान बनाकर मॉकड्रिल किया। तहसील के एक-एक रास्ते की सुरक्षा, जनता को होने वाली कठिनाई आदि को देखते हुए योजना बनाई गई। सभी तहसीलों में पुलिस ने मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था की अपील करते हुए सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

सपा ने प्रदेश में अराजकता, गुंडई व अपराधिक मामला बताते हुए 15 जुलाई को प्रदर्शन की घोषणा कर रखा है। सपा के आंदोलन से निपटने के लिए प्रशासन ने रणनीति तैयार की है। बुधवार को बस्ती सदर तहसील में सीओ सिटी, कोतवाल के साथ अन्य थानों की फोर्स, पुलिस लाइन के जवान, पीएसी पहुंची। पूरे तहसील परिसर को चारों तरफ से घेर लिया। सुरक्षा में कहां से सेंध लग सकती है, अधिकारियों ने इसका जायजा लिया। एक दूसरे को उनके ड्यूटी व कार्य को बताया। अधिकारियों का प्रयास है कि प्रदर्शन के नाम पर सपा कार्यकर्ता किसी प्रकार की अराजकता न फैला पावें। इसके लिए पुलिस सख्त कदम उठाने से भी नहीं चूकेगी।



भानपुर क्षेत्र में मार्च कर चार थानों की फोर्स ने दिया शांति व सुरक्षा का संदेश।

भानपुर तहसील में सोनहा, गौर, पैकोलिया व परसुरामपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक व पुलिस बल पहुंचा। प्रदर्शन के मद्देनजर तैयारी किया। उसके बाद कस्बे में मार्च निकाल कर पुलिस के जवानों ने शांति की अपील की। लोगों को बताया कि यदि कोई गड़बड़ी करता है तो सख्त कदम उठाया जाएगा। इसी प्रकार रुधौली और हर्रैया तहसील में प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने सुरक्षा का जायजा लिया। प्रदर्शन के दौरान संभावित पहलुओं पर चर्चा करते हुए सख्ती से निपटने की बात की।

# 2.76 करोड़ की लागत से जेलकर्मियों के लिए आवास

बस्ती | निज संवाददाता

जिला कारागार में कार्यरत अफसरों व कर्मियों को जल्द ही नए भवन की सौगात मिलेगी। इसके लिए भवनों के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। अधिकारी व कर्मियों को किराए व जर्जर हो चुके सरकारी आवासों में रहने से भी छुटकारा मिल सकेगा। जेल परिसर में अधिकारियों, कर्मचारियों व पीएसी जवानों के रहने के लिए करीब पौने चार करोड़ की लागत से आवास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके साथ खाद्यान्न गोदाम, ट्यूबवेल व समरसेबल बोरिंग पर करीब साठ लाख रुपया खर्च किया जाएगा।

शासन स्तर से यूपीपीएसीएल को कार्यदायी संस्था के तौर पर नामित किया गया है। जेल अफसर अगले साल काम पूरा होने के बाद आवास कर्मचारियों को आवंटित होने की उम्मीद जता रहे हैं। वर्तमान में कारागार में तकरीबन 60 कर्मचारियों के अलावा जेल अधीक्षक, जेलर, चार डिप्टी जेलर व एक वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के पद हैं। इनके रहने के लिए पर्याप्त संख्या में आवास नहीं हैं। सिपाहियों के लिए टाइप वन के कुछ आवास हैं। लिहाजा अधिकतर जेल. स्टॉफ परिसर के बाहर किराए पर रहने को विवश हैं।

इस व्यवस्था को लेकर जेल की सुरक्षा पर भी समय-समय पर सवाल खड़े होते रहे हैं। कारण जेल स्टॉफ पर

**जिला कारागार**

- जेल अधीक्षक, जेल स्टाफ व पीएसी डारमेट्री का कराया जाएगा निर्माण
- कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल ने जेल परिसर में शुरू किया निर्माण का कार्य
- खाद्यान्न गोदाम, ट्यूबवेल व समरसेबल बोरिंग पर करीब साठ लाख होगा खर्च

चुके हैं। लिहाजा परिसर में आवास की आवश्कता पर बेहद जोर दिया गया। 2020 में जेल प्रशासन ने टाइप टू और टाइप फोर के आवासों के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसे शासन ने अब स्वीकृति प्रदान कर दी।

यूपी पुलिस आवास निर्माण निगम कार्यदायी संस्था ने आवास निर्माण का काम शुरू करने ने भूमि चिह्नित कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि कारागार परिसर में करीब 55 लाख की लागत से एक टाइप फोर का वरिष्ठ अधीक्षक आवास, दो करोड़ की लागत से 12 टाइप टू के आवास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके अतिरिक्त 21.21 लाख से पीएसी डारमेट्री आवास, 26.6 लाख से दो खाद्यान्न गोदाम, 30 लाख से ट्यूबवेल, दो लाख की लागत से समरसेबल बोरिंग व अन्य कार्य आरंभ हो गया है। एक साल के भीतर निर्माण

# ...तो देशी शराब के ठेके से बिक रही थी नकली शराब

बस्ती | निज संवाददाता

**जांच**

- बनकटी क्षेत्र के एक गांव में देशी शराब की दुकान पर हुई थी जांच
- एक पेटी माल और शराब भरा गैलन हुआ था बरामद

अमूमन पांच-दस लीटर कच्ची शराब और उपकरणों की बरामदगी पर ढोल पीटने वाला आबकारी विभाग बनकटी इलाके में एक देशी शराब की दुकान से बरामद नकली शराब को लेकर ऊहापोह में है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान से एक पेटी और गैलन में भरी शराब मिली थी। वहीं जिला आबकारी अधिकारी नवीन सिंह का कहना है कि शक के आधार पर जांच की गई थी। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं मिली। मौके से खाली गैलन बरामद हुआ था।

बनकटी विकास खंड के एक गांव स्थित देशी शराब की दुकान पर पहली जुलाई को आबकारी विभाग के निरीक्षक पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान से शीशी में नकली शराब भरी एक पेटी माल जब्त करने के साथ ही पांच लीटर का एक प्लास्टिक का गैलन भी बरामद हुआ था। उसमें करीब चार लीटर नकली शराब थी। उसी शराब को शीशी में भर कर पूरा दाम वसूल कर शौकीनों को बेचा जा रहा था। किसी ने शिकायत की तो आबकारी विभाग पहुंचा था। एक पेटी शराब भरी शीशी और चार लीटर शराब भरा गैलन बरामद करने के बाद विभाग ने इसकी कोई सूचना सार्वजनिक नहीं की। जबकि पांच लीटर कच्ची शराब बरामद होने पर अधिकृत सोशल मीडिया पर लंबा-चौड़ा बयान जारी कर दिया जाता है। इस बाबत बात करने पर जिला आबकारी अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि शिकायत पर जांच कराई गई थी। लेकिन आरोप निराधार निकला।

# वांछित गिरफ्तार

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी रामसजीवन निवासी डडवा मुंडेरवा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

# कोरोना से मृत 28 कर्मियों के आश्रितों को 30-30 लाख

बस्ती। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तैनात ऐसे कर्मियों जिनकी कोविड-19 से मौत हो गई, उनको सरकार ने अनुग्रह राशि स्वीकृत कर दिया है। सरकार ने इस मामले में उन सभी शिक्षकों व कार्मिकों को लाभ दिया है, जिनकी मृत्य चुनाव के एक माह के दौरान कोविड 19 से हुई है। प्रदेश में इस तरह के कुल 3092 मामले थे, जिनमें से बस्ती के 28 शिक्षक व कर्मी शामिल हैं। प्रत्येक मृतक के आश्रित को 30 लाख रुपये अनुदान मिलेगा।

## बस्ती में इनके आश्रितों को मदद मिलेगी

### बस्ती में इन्हें मिलेगा अनुदान

● शिक्षामित्र राम प्रकाश, बेसिक शिक्षा विभाग ● हेडमास्टर राघवेंद्र शरण पांडेय, बेसिक शिक्षा विभाग ● हेडमास्टर प्रतिभा मौर्या, बेसिक शिक्षा विभाग ● प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद, बेसिक शिक्षा विभाग ● प्रधानाचार्य संतोष कुमार शुक्ला, माध्यमिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक साजिदा बेगम, बेसिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक श्रीकृष्णा श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक श्यामलाल, बेसिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक शिवपूजन, बेसिक शिक्षा विभाग ● हेड क्लर्क माता दीन उपाध्याय, माध्यमिक शिक्षा विभाग ● शिक्षामित्र सुनीता वर्मा, बेसिक शिक्षा विभाग ● मेट जगदेव सिंह, सिंचाई विभाग ● मेट केदार नाथ, सिंचाई विभाग

● हेडमास्टर मालती सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक नरसिंह यादव, बेसिक शिक्षा विभाग ● प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पाल, माध्यमिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक निर्मला यादव, बेसिक शिक्षा विभाग ● सफाई कर्मी बेचई पटेल, पंचायतीराज विभाग ● होमगार्ड बालमुकुंद, पुलिस विभाग ● सहायक अध्यापक अवधेश सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक चंद्रिका प्रसाद पांडेय, बेसिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक चंद्रशेखर, माध्यमिक शिक्षा विभाग ● गन्ना निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह, गन्ना विभाग ● अध्यापक बुद्धिराम, माध्यमिक शिक्षा विभाग ● सहायक अध्यापक बृजेश कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग ● टीजीटी चंद्र प्रकाश, माध्यमिक शिक्षा विभाग ● ट्यूबवेल ऑपरेटर दिनेश, सिंचाई विभाग ● सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट गनेश मिश्रा, कृषि विभाग

# चेन स्नेचिंग के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

सल्टौआ | हिन्दुस्तान संवाद

सोनहा पुलिस ने तीन महिलाओं को चोरी की एक सोने की चेन, लाकेट व बाली के साथ पकड़ा। तीनों के विरूद्ध चोरी व चोरी का माल बरामदगी की धारा में कार्रवाई की गई।

प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र ने बाताया कि थाना क्षेत्र के मनौढ़ी निवासी रामकिशोर सैनी अपने पत्नी शीला देवी तथा कमलावती सैनी निवासिनी भानपुर मंगलवार को बैड़ा स्थित समय माता मन्दिर में दर्शन व पूजा-अर्चना करने आई थीं। इस बीच शीला के गले की सोने की चेन व कमलावती के कान की बाली चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे सूचना मिली कि कुछ महिलाएं भानपुर कस्बे में घूम रही हैं। टीम ने रुधौली तिराहे पर महिलाओं को रोकने का प्रयास किया तो भागने लगीं। महिला कांस्टेबल के सहारे इनको पकड़कर पूछताछ की गई। इनके पास से पीली धातु की चेन, लॉकेट व कान की बाली और 250 रुपये नगद मिला। पूछताछ में तीनों ने बताया कि संतकबीरनगर के बखिरा की रहने वाली हैं।

# 40 में पिस्टल, पांच हजार में तमंचा

**खुलासा**

बस्ती | वरिष्ठ संवाददाता

स्वॉट और हरैया पुलिस ने बुधवार भोर में मुठभेड़ में आधा दर्जन असलहा तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए गैंग लीडर विशाल सिंह और राजन तिवारी उर्फ राजनाथ तिवारी ने बताया कि वे आसपास के जनपदों में लोगों को अवैध हथियार बेचते थे।

पिस्टल 35 से 40 हजार, 315 बोर का तमंचा पांच हजार और बारह बोर का तमंचा 3500 रुपये तक में देते थे। फरार गैंग का मेन सरगना दाना (गोली) की व्यवस्था करता था। वह भी 250 से लेकर 500 रुपये प्रति नग बेचते थे।

**गिरफ्तार करने वाली टीम :** प्रभारी निरीक्षक हरैया विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम विकास यादव, एसआई स्वाट विनोद कुमार यादव, एसएसआई कन्हैया पाण्डेय, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार राय, मनीन्द्र प्रताप चन्द, रामेश्वर पांडेय, कांस्टेबल रवि प्रताप सिंह, श्रवण कुमार राव, शैलेष यादव, अभिषेक यादव, जनार्दन प्रजापति और हिन्दे आजाद गिरफ्तारी वाली टीम में शामिल रहे।



पुलिस की गिरफ्त में असलहा तस्कर।

## गिरफ्तार असलहा तस्कर

- अखिलेश शर्मा निवासी महदेवा थाना पैकवलिया
- राजन तिवारी उर्फ राजनाथ तिवारी निवासी नथउपुर थाना हरैया
- राहुल सिंह उर्फ अमिताभ सिंह निवासी भैरोपुर थाना पैकवलिया
- राजू पाठक निवासी सकरदहा टोला मटिहनिया थाना हरैया
- विनय भाष्कर सिंह निवासी एकडंगी थाना हरैया
- विशाल सिंह निवासी मुरादीपुर थाना हरैया।

# बस्ती में पुलिस ने मुठभेड़ में छह असलहा तस्कर दबोचे

बस्ती | वरिष्ठ संवाददाता

स्वॉट और हर्रैया पुलिस ने बुधवार भोर में मुठभेड़ में आधा दर्जन असलहा तस्करों को गिरफ्तार किया। सभी बस्ती के रहने वाले हैं। इनके पास से दो पिस्टल समेत कुल 11 हथियार और कारतूस बरामद हुए। गोरखपुर-बस्ती मंडल के साथ ही अगल-बगल के अन्य जिलों में भी ये असलहा बेचते थे। पुलिस को अब उनके फरार सरगना की तलाश है।

हर्रैया थानांतर्गत विशेषरगंज-हर्रैया मार्ग पर मुखबिर की सूचना पर बुधवार सुबह करीब चार बजे स्वॉट और हर्रैया पुलिस डेरा डाले हुए थी। इस दौरान तीन बाइक से आ रहे युवकों को रोका गया तो सभी भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर तीनों बाइक को सवार समेत बेलाड़े शुक्ल गांव के पास दबोच लिया। इस दौरान बदमाशों ने दो फायर भी किया

## कामयाबी

- स्वॉट और हर्रैया पुलिस से मुठभेड़ में बुधवार को पकड़े गए तस्कर
- बस्ती के रहने वाले हैं सभी, बस्ती गोरखपुर मंडल में करते थे सप्लाई

लेकिन पुलिसकर्मी बच गए। तलाशी में बदमाशों से दो पिस्टल, एक रिवॉल्वर, दो तमंचे 315 बोर, एक 303 बोर और पांच तमंचे 12 बोर के बरामद हुए। काफी तादात में गोलियां भी मिलीं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बिहार के मुंगेर से पिस्टल, रिवॉल्वर मंगाने के साथ ही बस्ती में तमंचा बनवाते हैं। बस्ती के अलावा गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, गोण्डा और अयोध्या जिले में असलहा बेच चुके हैं।

> 40 हजार में पिस्टल पेज 03

# होटल पर छूटी बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया

राहत

घघौवा | हिन्दुस्तान संवाद

छावनी पुलिस ने मंगलवार को दोपहर होटल पर छूटी बच्ची को परिजनों की तलाश कर उनको सुपुर्द कर दिया। मंगलवार दोपहर में सूचना पर पहुंची पुलिस को होटल कर्मियों ने बताया कि बोलेरो सवार कुछ लोग भोजन करने के बाद बच्ची को छोड़ चले गए। पुलिस ने बच्ची को चौकी पर लाकर व्हाट्सअप, ट्विटर, व्यक्तिगत संदेश सहित अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों की तलाश शुरू की। छोटी बच्ची अंजली के परिजन देर रात चौकी विक्रमजोत पहुंचे। मासूम को सकुशल पाकर मां-बाप रो पड़े। चौकी प्रभारी विक्रमजोत मनीष जायसवाल ने बताया कि बच्ची के मिलते ही उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी गई थी।

# परती पर बनी दीवार हटाने का आदेश दिया

**भानपुर।** तहसील के करायन गांव में एक व्यक्ति द्वारा ग्राम समाज की नवीन परती की भूमि पर बनाए गए चहारदीवारी को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट-एसडीएम अमृत पाल कौर ने हटाने का आदेश दिया है। उन्होंने इस बाबत तहसीलदार केशरी नंदन त्रिपाठी को आवश्यक कार्रवाई करते हुए 17 जुलाई को राजस्व निरीक्षक नरखोरिया के साथ चार लेखपालों की टीम बनाकर पुलिस बल के साथ अवैध रूप से बनाई गई दीवार को गिराने का निर्देश दिया है। करायन गांव निवासी रामसकल ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट-एसडीएम को मंगलवार को शिकायतीपत्र देकर बताया है कि गांव के राजस्व अभिलेखों में नवीन परती दर्ज है। जिसमें गांव के ही जंगबहादुर द्वारा चारों तरफ से बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कराकर उसमें लोहे का गेट लगवा दिया है। शिकायतकर्ता ने पत्र के हवाले से यह भी कहा है कि नवीन परती की भूमि पर बाउन्ड्रीवाल बनाकर उसमें लोहे का गेट लगा देने से ग्रामीणों के आवागमन में काफी असुविधा हो रही है।

# मुठभेड़ में छह असलहा तस्कर गिरफ्तार

## सभी बस्ती जिले के, 11 असलहे बरामद, दो देसी पिस्टल व नौ तमंचा शामिल

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** आपरेशन तमंचा अभियान के तहत हर्रैया पुलिस और क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने बुधवार को भोर में मुठभेड़ के दौरान छह अंतरराज्यीय असलहा तस्करों को गिरफ्तार किया है। हालांकि पकड़े गए सभी असलहा तस्कर बस्ती जिले के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से दो देसी पिस्टल समेत कुल 11 असलहे व 10 कारतूस बरामद किए हैं। उनके पास से तीन बाइकें भी मिली हैं। आइजी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।



हर्रैया पुलिस व स्वाट टीम ने गिरफ्तार किए छह अंतरराज्यीय असलहा तस्कर • सौ पुलिस विभाग

प्रभारी निरीक्षक हर्रैया बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, प्रभारी स्वाट टीम विकास यादव व उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव की टीम ने एक सूचना के आधार पर भोर में विशेषरगंज-हर्रैया मार्ग पर बेलाड़े शुक्ल गांव मौजूद थी। अचानक तीन बाइकों पर पांच युवक पुलिस टीम के सामने पहुंचे।

पुलिस बल को देखकर आगे चल रहे बाइक पर पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ दो फायर कर दिया। पुलिस कर्मियों ने अपने आप को बचाते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए असलहा तस्करों में अखिलेश शर्मा निवासी महदेवा थाना पैकोलिया, राजन तिवारी उर्फ राजनाथ तिवारी निवासी नथउपुर थाना हर्रैया, राहुल सिंह उर्फ अमिताभ सिंह निवासी भैरोपुर थाना पैकोलिया, राजू पाठक निवासी सकरदहा टोला मटिहनिया थाना हर्रैया, विनय भाष्कर सिंह निवासी एकडंगी थाना हर्रैया शामिल है। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने एक और असलहा तस्कर विशाल सिंह निवासी मुरादीपुर थाना हर्रैया जनपद बस्ती को गिरफ्तार किया। विशाल सिंह को भी अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया गया।

**35 से 40 हजार में बेचते थे अवैध पिस्टल:** प्रभारी निरीक्षक हर्रैया बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि असलहा तस्करों का एक संगठित गिरोह है, इसके दो लीडर विशाल सिंह व राजन तिवारी उर्फ राजनाथ तिवारी हैं। गिरोह के सदस्य आसपास के जिलों में 12 बोर के देसी तमंचे को 3500, 315 बोर के तमंचे को 4500 व पिस्टल को 35,000 से 40,000 रुपये में बेचते थे। प्राप्त धन को आपस में बांटकर उसी से अपना भरण-पोषण करते थे। अवैध पिस्टल व देसी तमंचे बिहार राज्य से लाकर बेचते थे।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती :** मुंडेरवा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मुंडेरवा सत्येंद्र कुंवर और उनकी टीम ने मुंडेरवा थाने पर दर्ज दुष्कर्म और जानमाल की धमकी के मुकदमे में वांछित राम सजीवन निवासी डड़वा थाना मुंडेरवा को कुरियार चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# सपाइयों के प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस बल तैनात

## सपा नेताओं ने आज सभी तहसील मुख्यालयों पर धरना देने का किया है एलान

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुधौली/बस्ती।** समाजवादी पार्टी के बृहस्पतिवार को तहसील मुख्यालयों पर होने वाले धरना-प्रदर्शन के मद्देनजर रुधौली समेत सभी सर्किल में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे।

प्रदर्शन के दौरान सपाई प्रदेश सरकार के खिलाफ विभिन्न बिंदुओं पर तहसील मुख्यालय पर एकत्रित होकर धरना-प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपेंगे।

कार्यक्रम की सूचना पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से रुधौली तहसील मुख्यालय पर चार थानों की पुलिस बल को बुलाया गया है। उसमें लगभग 300 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।



रुधौली तहसील कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी। संवाद

बुधवार को इसके लिए उप जिलाधिकारी आनंद श्रीनेत और सीओ रुधौली धनंजय सिंह कुशवाहा ने पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी की जानकारी देते हुए कहा कि विपक्ष की ओर से प्रस्तावित कार्यक्रम में यदि पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की ओर से शांतिपूर्ण ढंग से अपना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा तो कोई दिक्कत नहीं होगी। पर यदि कहीं से भी किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने की कोशिश की गई तो पुलिस ऐसे लोगों से सख्ती से निपटेगी और एनएसए की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### सोनहा में पुलिस ने किया मार्च

**सोनहा।** सपा की ओर से बृहस्पतिवार को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन और आगामी त्योहार को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में सोनहा, पैकोलिया, परशुराम, गौर थाने के पुलिसकमियों ने मार्च किया। सोनहा कस्बा, भानपुर बाजार, भिरिया ऋतुराज, पचमोहनी, अमरौली शुमाली रामानगर चौराहे पर क्षेत्रीय लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की है। प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर राजेश कुमार मिश्र, पैकोलिया के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार तिवारी, गौर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और उपनिरीक्षक विजय कुमार गौतम, ओम प्रकाश भारती, इंद्रजीत पांडेय, सुरेंद्र यादव, इरशाद, विपिन कुमार सिंह आदि मौजूद थे। संवाद

# गुंडा एक्ट में चार निरुद्ध

**बस्ती।** सोनहा थाने की पुलिस ने क्षेत्र के चार बदमाशों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण ने बताया कि आश मोहम्मद, अहमद हुसैन, हैदर अली और सहाबुद्दीन निवासी चौकवा पर यह कार्रवाई की गई है। संवाद

# ऑपरेशन तमंचा : पुलिस से मुठभेड़ में छह तस्कर गिरफ्तार

## आरोपितों के पास से 11 तमंचे और 10 कारतूस बरामद, हरैंया क्षेत्र में हुई मुठभेड़

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन तमंचा के तहत स्वाट टीम और हरैंया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार तड़के अंतरजनपदीय असलहा तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। हरैंया के विशेषरगंज हरैया मार्ग पर बेलाडे शुक्ल गांव के पास हुई मुठभेड़ में छह तस्कर पकड़े गए। उनकी निशानदेही पर 12, 32 और 315 बोर के 11 तमंचे तथा 10 कारतूस के अलाव कई खोखे बरामद किए गए।

सीओ हरैंया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार तड़के घेराबंदी की गई। बदमाशों ने फायर कर दिया। स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव, प्रभारी निरीक्षक हरैंया विंदेश्वरीमणि त्रिपाठी, एसआई विनोद यादव और हमराहियों की टीम ने घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों में अखिलेश शर्मा निवासी महदेवा थाना पैकोलिया, राजन तिवारी उर्फ राजनाथ तिवारी निवासी नथउपुर थाना हरैया, राहुल सिंह उर्फ अमिताभ सिंह निवासी भैरोपुर थाना पैकौलिया, राजू पाठक निवासी सकरदहा टोला मटिहनिया थाना हरैया, विनय भाष्कर सिंह निवासी एकडंगी थाना हरैया व विशाल सिंह निवासी मुरादीपुर थाना हरैया शामिल है। सीओ ने बताया कि गिरोह का सरगना विशाल सिंह और राजन तिवारी उर्फ राजनाथ तिवारी है। दोनों के कहने पर बाकी सदस्य काम करते हैं। पूछताछ में पता चला कि सभी का एक संगठित गिरोह हैं, जो आसपास के जनपदों में लोगों को अवैध असलहे तथा कारतूस बेचते हैं। उससे प्राप्त होने वाले धन से अपना भरण पोषण करते हैं। इसके अतिरिक्त आरोपितों से जानकारी मिली है कि वह सभी पूर्व में कई अपराधियों को असलहा बेच चुके हैं। उनकी तलाश की जा रही है।



हरैंया थाने की पुलिस और स्वाट टीम ने अवैध असलहों के साथ आरोपितों को किया गिरफ्तार। संवाद

### 40 हजार में बेचते थे पिस्टल

**आरोपित** विशाल सिंह और राजन तिवारी उर्फ राजनाथ तिवारी ने पुलिस को बताया कि वे बिहार से लाकर आसपास के जनपदों में असलहे बेचते थे। 12 बोर तमंचा को 35 सौ, 315 बोर का तमंचा 45 सौ और पिस्टल को 35 से 40 हजार रुपये तक में बेचते थे। एसपी ने कार्रवाई करने वाली टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार दिया है।

# होटल पर छूटी बच्ची को परिजनों को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

**विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने मंगलवार को दोपहर होटल पर छूटी बच्ची के परिजनों की तलाश कर ली। थाने पहुंचे परिजनों की पहचान होने के बाद बच्ची को उन्हें सौंप दिया गया।

मंगलवार की दोपहर हाईवे पर स्थित होटल के कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी कि उन्हें बच्ची मिली है। उसके परिजन होटल पर भोजन करने रुके थे और बच्ची को भूलकर गंतव्य को रवाना हो गए हैं। पूछताछ में बच्ची ने अपना और माता-पिता का नाम बताया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर इस सूचना को शेयर किया। उसके बाद बच्ची के परिजनों का पता चला।

## मंगलवार को छावनी क्षेत्र के एक होटल पर छूट गई थी बच्ची

इस बारे में चौकी प्रभारी विक्रमजोत मनीष जायसवाल ने बताया कि बच्ची के मिलते ही उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की देर रात पहुंचा सिद्धार्थनगर जनपद का परिवार बच्ची को अपने साथ ले गया।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# दंगा नियंत्रण रिहर्सल का पैदल मार्च

**बांसी (एसएनबी)।** त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को कोतवाली की पुलिस ने एसडीएम जग प्रवेश, क्षेत्राधिकारी अरुण चंद की अगुवाई में दंगा नियंत्रण का रिहर्सल व पैदल मार्च किया। क्षेत्र में अमन-शांति बनाए रखने की नागरिकों से अपील भी किया। कोतवाल छत्रपाल सिंह की अगुवाई में पुलिस फोर्स ने बुधवार की शाम कस्बे में दंगा फसाद की स्थिति उत्पन्न होने पर उस पर नियंत्रण पाने के लिए पूर्वाभ्यास किया तथा पैदल मार्च कर लोगों से सुरक्षा का विश्वास दिलाया। इस दौरान अधिकारियो ने आगामी त्योहारों को मिलजुल कर आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील किया और लोगों से कानून व्यवस्था को कायम रखने मे सहयोग करने को कहा। अगर कोई संदिग्ध दिखता है, तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। पैदल मार्च मे कोतवाल जोगिया तहसीलदार सिंह, इंस्पेक्टर देवनंदन उपाध्याय, एसआई शेषनाथ यादव, राम प्रकाश चंद्र, दिनेश राजभर, जनार्दन ओझा, रमेश साहनी, धर्मेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रभाकर राज सिंह, धर्मेंद्र कुमार यादव, सरवन यादव, राज नारायण यादव, श्यामसुंदर मौर्य, हरिवंश यादव, जयप्रकाश पासवान आदि शामिल थे ।

# पुलिस ने बांसी में किया दंगा नियंत्रण का रिहर्सल

बांसी | हिन्दुस्तान संवाद

ईद उल अजहा त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को बांसी कोतवाली की पुलिस ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जग प्रवेश व सीओ अरुण चंद की अगुवाई में दंगा नियंत्रण का रिहर्सल व पैदल मार्च किया गया। क्षेत्र मेंअमन-शांति बनाए रखने की नागरिकों से अपील की गई।

पुलिस फोर्स ने बुधवार शाम बांसी कस्बे में दंगा फसाद की स्थिति उत्पन्न होने पर उस पर नियंत्रण पाने के लिए पूर्वाभ्यास किया। पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों से सुरक्षा का विश्वास दिलाया और आगामी त्योहारों को मिलजुल कर आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की। कहा कि कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए सहयोग करें। अगर कोई संदिग्ध दिखता है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। प्रभारी निरीक्षक बास छत्रपाल सिंह, जोगिया इंस्पेक्टर तहसीलदार सिंह, देवनंदन उपाध्याय, शेषनाथ यादव, राम प्रकाश चंद्र, दिनेश राजभर, जनार्दन ओझा, रमेश साहनी, धर्मेंद्र, प्रभाकर राज, धर्मेंद्र, सरवन, राज नारायण, श्यामसुंदर, हरिवंश, जयप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया

**शोहरतगढ़।** बकरीद व श्रावण मास को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और कोरोना प्रोटोकॉल के पालन कराने को लेकर सीओ प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस ने बुधवार की शाम कस्बे में फ्लैग मार्च किया। साथ ही लोगों को सुरक्षा का अहसास कराते हुए शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने व कोविड प्रोटोकॉल को पालन करने की अपील की। पुलिस का फ्लैग मार्च शोहरतगढ़ थाने से शुरू होकर गड़ाकुल तिराहा, श्रीराम जानकी मंदिर, पुलिस पिकेट, इक्कावान तिराहा, भारतमाता चौक, जामा मस्जिद व गोलघर होते हुए पुन: थाने पर समाप्त हुई। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने दोनों समुदायों से शांति व्यवस्था कायम रखते हुए त्योहार मनाने को कहा। एसओ राजेंद्र बहादुर सिंह, यशवंत सिंह, दिनेश चंद चौधरी आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन ने अवैध कब्जा हटवाया

**ककरहवा।** मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर नंबर तीन के टोला सीतापुर पश्चिम में ग्राम पंचायत की जमीन पर बनी एक रिहाइशी झोपड़ी को प्रशासन ने गिरा दिया। प्रशासन का कहना है कि नोटिस के बाद भी जवाब न मिलने पर कार्रवाई की गई है। सीतापुर पश्चिम काली मंदिर के सामने बनी बृजलाल की रिहाइशी झोपड़ी को मंगलवार को सदर तहसीलदार आरआर रमन ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर गिरा दिया।



बुधवार को ईद उल अजहा त्योहार को लेकर बांसी में फ्लैग मार्च करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जग प्रवेश, सीओ अरुण चंद्र व पुलिस बल।

# वारंटी की तलाश में मुंबई से आई रेलवे पुलिस

**जांच**

**बिस्कोहर | हिन्दुस्तान संवाद**

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के झुरिया गांव में रह रहे एक वारंटी की तलाश में बुधवार को मुंबई से रेलवे पुलिस की दो सदस्यीय टीम आई है। वह आरोपी को पकड़ने के जुगत में लगी हुई है लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। फिलहाल टीम थाना क्षेत्र में अभी डेरा डाले हुए है।

त्रिलोकपुर थाना के इंस्पेक्टर रणधीर मिश्र ने बताया कि झुरिया गांव निवासी चंद्र प्रकाश तिवारी मुंबई के रेलवे कोर्ट का वारंटी है। वह लंबे समय से कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ है। उसे पकड़ने के लिए मुंबई के आरपीएफ निरीक्षक विजय सौरभ की अगुवाई में दो सदस्यीय टीम आई है। टीम गांव पर गई थी लेकिन वह अभी पकड़ में आया नहीं आया है। टीम उसकी तलाश कर रही है।


# 187 वाहनों का चालान किया

**सिद्धार्थनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन कर फर्राटा भरने वाले वाहनों का ई-चालान पुलिस द्वारा बुधवार को किया गया। इस दौरान वाहन स्वामियों से 1.96 लाख रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। साथ ही साथ लोगों से नियमों का पालन करने की भी अपील की गई।

# त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, किया मार्च

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। सोमवार की शाम शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने नगर पंचायत में फुट मार्च निकाला। 21 जुलाई को बकरीद व 25 से श्रावण मास शुरू हो रहा है। पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। कोविड-19 बचाव के लिए मास्क व उचित दूरी बनाए रखने की नसीहत दी गई। संदिग्ध वाहनों की जांच भी की गई।

सीओ प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में एसओ राजेंद्र बहादुर सिंह, चिल्हिया एसओ यशवंत सिंह, ढेबरुआ एसओ दिनेश चंद चौधरी ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल चल कर कस्बे में लोगों को सुरक्षा का आभास कराया। थाने से शुरू होकर गड़ाकुल तिराहा, श्रीराम जानकी मंदिर, पुलिस पिकेट, इक्कावान तिराहा, भारतमाता चौक, जामा मस्जिद व गोलघर होते हुए पुनः थाने पर समाप्त हुई। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। अराजक तत्वों की जानकारी व किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस व डायल 112 काल करें।



पैदल मार्च में शामिल सीओ प्रदीप कुमार यादव (बाएं) ● जागरण

**पुलिस ने किया पैदल मार्च, वाहनों की हुई जांच**: इटवा, नागरिकों में सुरक्षा का एहसास दिलाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने पैदल मार्च के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। सड़क की पटरी पर अवैध कब्जे को हटाने की चेतावनी भी दी। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र राय की अगुवाई में पुलिस ने पहले इटवा चौराहे से पैदल मार्च शुरू किया। कस्बे के प्रमुख मार्गों पर सिर्फ पुलिसकर्मी ही दिखाई दे रहे थे। नागरिकों से अपील की गई, सभी लोग शांति व्यवस्था में प्रशासन का साथ दें, आपकी सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव मुस्तैद मिलेगी। मार्च के उपरांत पुलिस ने चेकिंग अभियान में संदिग्ध वाहनों की जांच की। बहुत सारे कारों की जांच की गई। अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से अभियान चलाया गया। अराजकतत्वों को चेताया गया कि किसी ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की, तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उप निरीक्षक संजय राय, मोतीलाल, सिधारी भारती, देवेंद्र द्विवेदी व कौशल कुमार पाण्डेय, दद्दन प्रसाद गौड़, वीरेंद्र प्रताप पाल, देवव्रत पांडेय, आशुतोष धर दुबे, विशाल सिंह, रंजीत सिंह, बृजेश कुमार, प्रमोद यादव आदि शामिल रहे।

# 187 वाहनों का चालान

**सिद्धार्थनगर :** पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। 879 वाहनों को चेक किया। कागजात न होने व हेलमेट न लगाने पर 187 वाहनों का चालान किया गया। शमन शुल्क के तौर पर 196000 रुपये की वसूली की गई। (जासं.)

# घायल बुजुर्ग की पुलिस ने की मदद

सिद्धार्थनगर : खेसरहा पुलिस ने सड़क पार करते हुए घायल हुई झब्बा नामक बुजुर्ग को हेल्पडेस्क ने उपचार कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जलपान कराकर घर भेजवाया। थाना खेसरहा के सामने सड़क पर झब्बा नामक एक वृद्ध सड़क पार करते अचानक गिर गए, जिससे उनको हल्की चोट आ गयी, जिस पर प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन पर महिला हेल्प डेस्क की अर्चना द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। (जासं.)

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

जासं, सिद्धार्थनगर : मोहाना पुलिस ने बुधवार को अपहरण के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित का नाम विजय पासवान निवासी भरमी है। गिरफ्तारी टीम में एसओ जय प्रकाश दुबे, उपनिरीक्षक मनोज कुमार, विकास सिंह, विपिन मिश्रा शामिल रहे।

# वारंटी की तलाश में महाराष्ट्र से आई रेलवे पुलिस

जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर : महाराष्ट्र से रेलवे पुलिस एक वारंटी की तलाश में त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झुरिया में आई है। पता चला है कि आरपीएफ को रेलवे के सामानों की चोरी में एक आरोपित की तलाश है। दो सदस्यीय टीम आरोपित को धर दबोचने के लिए इधर-उधर हाथ-पांव मार रही थी, परंतु खबर लिखे जाने तक वह उसे पकड़ने में सफल नहीं हो सकी थी।

झुरिया निवासी चंद्र प्रकाश तिवारी के विरुद्ध आरपीएफ की टीम गैर जमानतीय वारंट के साथ यहां आई। बताया जाता है कि वहां कोई चोरी के संबंध में मुकदमा पंजीकृत था। माननीय रेलवे कोर्ट बसई रोड, पालघर महाराष्ट्र की ओर से आरोपित के विरुद्ध वारंट जारी किया गया। जिसको तामील कराने रेलवे सुरक्षा बल बिरार (प.रे.) के प्रभारी निरीक्षक विजय सौरभ अपने सहयोगी के साथ यहां आए। आरपीएफ ने इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ भी की। मुकामी पुलिस से भी मदद मांगी। टीम उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी बताई गई है।

# शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील



**बांसी।** त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को कोतवाली की पुलिस ने एसडीएम जग प्रवेश, क्षेत्राधिकारी अरुण चंद की अगुवाई में दंगा नियंत्रण का रिहर्सल व पैदल मार्च किया। क्षेत्र में अमन और शांति बनाए रखने की नागरिकों से अपील भी की। कोतवाल छत्रपाल सिंह की अगुवाई में पुलिस फोर्स ने बुधवार की शाम कस्बे में दंगा फसाद की स्थिति उत्पन्न होने पर उस पर नियंत्रण पाने के लिए पूर्वाभ्यास किया। पैदल मार्च में कोतवाल जोगिया तहसीलदार सिंह, इंस्पेक्टर देवनंदन उपाध्याय, एसआई शेषनाथ यादव, रामप्रकाश चंद्र, दिनेश राजभर आदि मौजूद रहे। वहीं सीओ शोहरतगढ़ प्रदीप यादव की अगुवाई में टीम ने चिल्हिया और शोहरतगढ़ में पैदल मार्च करके सुरक्षा का जायजा लिया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# चोरी की बाइक बरामद आरोपी गिरफ्तार

बखिरा (एसएमबी)। बखिरा पुलिस ने बुधवार को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे न्यायालय व जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीते 6 अप्रैल को क्षेत्र के सोनौरा शराब भट्ठी के पास से एक मोटरसाईकिल सं यूपी 56 एडी 7486 चोरी हुई थी।पीड़ित उमेश जायसवाल पुत्र रामसेवक जायसवाल ग्राम पुरंदरपुर थाना महाराजगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया था।जिसके बाद पुलिस मोटरसाईकिल की तलाश में जुट गई थी। एसओ ने बताया कि बुधवार को एसआई रविप्रकाश तिवारी,एसआई उदय शंकर द्विवेदी,हेका सुशील यादव व का जितेन्द्र शाह क्षेत्र में देखभाल गश्त पर थे।मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सोनौरा मोड़ के पास एक मोटरसाईकिल सवार को रोकना चाहे लेकिन वह भगाने लगा।जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया।पूछताछ में उसने अपना नाम दीपू पासवान पुत्र रामकिशुन पासवान ग्राम तुलसीपुर थाना मेंहदावल बताया। वाहन का कागजात मांगे जाने पर कागज नहीं दिखा सका और मोटरसाईकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय/जेल भेज दिया।

# आम आदमी से अच्छा सलूक करे पुलिस

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन्स स्थित सभाकक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिया। एसपी ने गोष्ठी के दौरान अज्ञात अभियोगों को वर्कआउट, गौ तस्करी/गौकसी के अपराधों पर जीरो टालरेन्स रखते हुए प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई, अवैध शराब विक्री/निष्कर्षण, मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन के विरूद्ध कठोर कार्रवाई, थाना क्षेत्र की बीट प्रणाली चुस्त-दुरुस्त की करने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि बीट आरक्षी अपने बीट क्षेत्र के गणमान्य लोगों से निरन्तर संपर्क में रहें व बीट क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर पैनी दृष्टि रख उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें।

हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती, चोरी,अपहरण के अपराधों पर पूर्णतया अंकुश लगाने व प्रभावी कार्रवाई करने के साथ ही टॉप 10 में चिह्नित अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने टॉप टेन अपराधियों की सूची को निरन्तर अद्यावधिक (अपडेट) करते हुए नये अपराधियों को सूची में सम्मिलित करने, आईजीआरएस के लम्बित संदर्भों की समीक्षा, विवेचनाओं के निस्तारण, पुराने मामलों के निस्तारण, जनता द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, शहर व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने, अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्रवाई, वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी, पुरस्कार घोषित अपराधियों के बारे में समीक्षा कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी, आपराधिक घटना की सूचना पर घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही आम जनता से अच्छा व्यवहार, जनप्रतिनिधियों का सम्मान तथा मीडिया के लोगों से भी अच्छा समन्वय स्थापित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के रोकथाम हेतु थाना परिसर में मौजूद तथा आने-जाने वाले व्यक्तियों को कोरोना रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश के शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देने की हिदायत दी।



अपराध गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, साथ में एएसपी।

गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व समस्त शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# गोवंश की हत्या के आरोप में अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के चन्दौली माफी गांव के सीवान में स्थित शिवमंदिर से सटे पीपल के पेड़ के पास मंगलवार को गोवंशीय पशु का कटा सिर बरामद होने के बाद आसपास के गांवों में तनाव की स्थिति बन गयी है। वैसे पुलिस ने घटना के बाद गोरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष एवं धनघटा थाना क्षेत्र के कुड़वा गांव निवासी जयप्रकाश पाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ गोवध का मुकदमा दर्ज कर आधा दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर घटना के बारे में पूरी जानकारी एकत्र करने में जुटी हुई है।

विदित हो कि थाना क्षेत्र के चन्दौली माफी गांव के बाहर स्थित शिवमंदिर के बगल स्थित पीपल के पेड़ के समीप मंगलवार को गोवंशीय पशु का कटा सिर लावारिश हाल में पडे हुए कुछ लोगों ने देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मौके पर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर थाने के पौली पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार पटेल पुलिसबल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और स्थिति को सम्भालने की पूरी कोशिश की। इसी बीच गोवध की सूचना मिलते ही मौके पर हिन्दूवादी नेताओं का भी जमावड़ा शुरू हो गया। शाम को विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश यादव,

**पुलिस हिरासत में कई संदिग्ध**

**गोरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**हिरासत में लिए गए संदिग्धों से घटना के बारे में पूछताछ कर रही है पुलिस**

गोरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल, हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष रामसुरेमन यादव व भाजपा नेता पीएन सिंह सहित क्षेत्र के भाजपा और हिन्दूवादी नेता और कार्यकर्ताओं का मौके पर जमावड़ा हो गया।

पहुंचे हिन्दूवादी नेता गोवध करने वालों को चिन्हित कर तत्काल उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग पुलिस से करने लगे। पुलिस ने आनन-फानन में गोरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ गोवध का मुक़दमा दर्ज कर ऐसा कृत्य करने वाले लोगों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्त में लेने का प्रयास शुरू कर दिया। पुलिस की मेहनत रंग भी लाई। पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर जब पूछताछ करना शुरू किया तो काफी हद तक घटना को अंजाम देने वाले लोगों को चिन्हित करने में पुलिस कामयाब भी हो गयी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पांच लोगों ने मिलकर गोवंशीय पशु का वध किया था जिसे चिन्हित कर पुलिस उन्हें गिरफ्त में भी ले चुकी है।

पुलिस सूत्रों की माने तो गुरुवार को पुलिस पूरे घटना का पर्दाफांस कर घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्त में लेकर जेल भी भेज सकती है। चौकी प्रभारी पौली उपनिरीक्षक मनोज पटेल ने बताया कि गोवध करने वालों के समीप पुलिस पहुंच चुकी है। उम्मीद है कि जल्द ही उन्हे गिरफ्त में लेकर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# चाकू बरामद, एक गिरफ्तार

सेमरियावां (एसएनबी)। दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर एक व्यक्ति को एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीत कर न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा के उपनिरीक्षक राम प्रवेश यादव, उपनिरीक्षक हसमत अली, हेका राम दरश यादव, मोतीलाल यादव, का विपिन विशेन तथा महिला कांस्टेबल शिवानी सिंह के साथ मुखबिर की सूचना पर कडज़ा मोड़ पर छापा मारकर वसीबुल्लाह पुत्र मुहम्मद नजीर निवासी करमाखान को एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर मुअसं 215$21 धारा 4$25 शस्त्र अधिनियम पंजीत कर न्यायालय भेज दिया गया।

# अपराध नियंत्रण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने मंगलवार की रात्रि पुलिस लाइन्स स्थित सभाकक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद में सभी पुलिस कर्मियों को बीट स्तर पर बेहतर काम करने के लिए पुलिस टीम को आदेश दिया। साथ ही कानून व शांति व्यवस्था तथा कोरोना को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

गोष्ठी के दौरान एसपी ने अज्ञात अभियोगों को वर्क आउट, गौ तस्करी व गौकसी के अपराधों पर जीरो टालरेन्स रखते हुए प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया। जिले में अवैध शराब बिक्री, निष्कर्षण, मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, थाना क्षेत्र की बीट प्रणाली चुस्त दुरुस्त के लिए निर्देशित किया। एसपी ने कहा कि बीट आरक्षी अपने



बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित हुई अपराध गोष्ठी में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ।

बीट क्षेत्र के गणमान्य लोगों से बराबर संपर्क में रहें। बीट क्षेत्र के असमाजिक तत्वों पर पैनी दृष्टि रख उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करें। हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण के अपराधों पर पूर्णतया अंकुश लगाने व प्रभावी कार्रवाई, टॉप 10 में चिन्हित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदारों को आदेश दिया। साथ ही टाप 10 अपराधियों की सूची को निरन्तर अपडेट करते हुए नए अपराधियों को सूची में सम्मिलित करने का निर्देश दिया। आईजीआरएस के लम्बित संदर्भो की समीक्षा, विवेचनाओं के निस्तारण, पुराने मामलों के निस्तारण, जनता द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय से करने का निर्देश दिया। जिले में अपराध पर लगाम लगाने के लिए शहर व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने, अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्रवाई, वांछित अभियुक्त व वारंटियों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी, पुरस्कार घोषित अपराधियों के बारे में समीक्षा कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी, आपराधिक घटना की सूचना पर घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने तथा आवश्यक कार्रवाई करने, आम जनता से अच्छा व्यवहार, जनप्रतिनिधियों का सम्मान तथा मीडिया के लोगों से भी अच्छा सम्बन्ध रखने के निर्देश दिए गए। कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए थाना परिसर में मौजूद तथा आने जाने वाले व्यक्तियों को कोरोना रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश के शत-प्रतिशत अनुपालन कराने का आदेश दिया।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, केस दर्ज

**बखिरा | हिन्दुस्तान संवाद**

बखिरा पुलिस ने बुधवार को चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल को क्षेत्र के सोनौरा शराब भट्ठी के पास से एक मोटरसाईकिल चोरी हो गई थी। पीड़ित उमेश जायसवाल पुत्र रामसेवक जायसवाल ग्राम पुरंदरपुर थाना महाराजगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस मोटरसाईकिल की तलाश में जुट गई थी। एसओ ने बताया कि बुधवार को एसआई रविप्रकाश तिवारी, एसआई उदय शंकर द्विवेदी, हेका सुशील यादव व कांस्टेबल जितेन्द्र शाह क्षेत्र में देखभाल गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सोनौरा मोड़ के पास एक बाइक सवार को रोकना चाहा लेकिन वह भगाने लगा। उसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपू पासवान पुत्र रामकिशुन पासवान ग्राम तुलसीपुर थाना मेंहदावल बताया। वाहन के कागजात मांगे जाने पर कागज नहीं दिखा सका और मोटरसाईकिल चोरी करने की बात आरोपी ने स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

जासं, बखिरा : सोनौरा गांव के पास से पुलिस ने बुधवार को चोरी की बाइक के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक मेंहदावल थाना क्षेत्र के तुलसीपुर का दीपू पासवान है।

उपनिरीक्षक उदय शंकर द्विवेदी ने बताया कि महाराजगंज जनपद के पुरंदरपुर के उमेश जायसवाल ने तहरीर देकर बताया था कि छह अप्रैल को उनके गांव के मेहंदी हसन ने उनकी बाइक से बखिरा थाना क्षेत्र के कम्हरिया गांव में रिश्तेदार के यहां आया था। सोनौरा शराब भट्ठी के पास किसी ने बाइक गायब कर दी थी।

# चाकू के साथ गिरफ्तार

दुधारा : दुधारा थाना क्षेत्र के फरजा मोड़ से पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। उसका नाम वसीउल्लाह और करमाखास के रूप में रहने वाला है। थानाध्यक्ष विनय पाठक ने कहा कि गिरफ्तार युवक आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। (जासं.)

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# फब्तियां कसने का आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना वजीरगंज पुलिस ने सार्वजनिक स्थल रायपुर चौराहे के पास से महिलाओं व बालिकाओं को देखकर फब्तियां कसने के आरोपी हरिकेश चौहान निवासी नयपुर लोनियनपुरवा थाना वजीरगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी वजीरगंज में स्थित रायपुर चौराहे पर खड़े होकर फब्तियां कस रहा था। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेजा गया है।

Scanned with CamScanner

# मादक प्रदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

गोण्डा। थाना खरगूपुर पुलिस ने एक किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक अनन्त कुमार सिंह टीम के साथ गश्त पर थे। सूचना पर आरोपी अताउल्लाह खान निवासी बस स्टैण्ड विशुनापुर थाना खरगूपुर को गिरफ्तार किया है।

CS Scanned with CamScanner

# हेरोइन के साथ पकड़ा गया युवक

संसू, मसकनवा : छपिया पुलिस ने बभनजोतिया हाल्ट स्टेशन के निकट एक युवक के पास से पचास ग्राम हेरोइन बरामद किया है। युवक की पहचान संजय वर्मा उर्फ ऋषभ निवासी ग्राम बहिराडीहा थाना छपिया के रूप में हुई है।

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# सुरक्षा व्यवस्था पर व्यापारियों के साथ विचार विमर्श किया

**उतरौला | संवाददाता**

रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी उतरौला में क्षेत्राधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में नगर के व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी ने बैठक में आए हुए सभी व्यापारियों का सर्वप्रथम परिचय प्राप्त किया। नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर व्यापारियों के साथ विचार विमर्श किया गया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने क्षेत्राधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा कि नगर में अधिकतर दुकानदारों व व्यापारियों के मकान व दुकान एक ही भवन में स्थापित हैं। दुकान और मकान में आने-जाने का रास्ता भी एक ही होता है। दो दिवसीय बंदी के दौरान भी आवागमन के लिए शटर खोले रहना पड़ता है। इसलिए ऐसे दुकानदारों का चालान न किया जाए।

# टप्पेबाज ने उड़ाए साढ़े 21 हजार

**संसू, बलरामपुर :** तुलसीपुर मार्ग पर गद्दे के दुकानदार से आनलाइन भुगतान के नाम पर जालसाजों ने 21500 रुपये ठग लिए। पीड़ित दुकानदार ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

दुकानदार मो.जाबिर ने बताया कि 11 जुलाई को उसकी दुकान पर जालसाज खुद को एसएसबी का जवान बताकर गद्दा खरीदने आया था। आनलाइन भुगतान के लिए एटीएम का नंबर मांगा। इसके बाद मेरे खाते से 21,500 रुपये निकाल लिए गए। प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र पाठक बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# पीस कमेटी की बैठक में तैयारियों की समीक्षा हुई

सादुल्लानगर। स्थानीय थाना परिसर में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहार को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने पर चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी उतरौला डॉ. नागेंद्र यादव ने से बकरीद को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी की ओर से अराजकता फैलाने की संभावना हो तो तत्काल सूचना दें। प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने कहा कि आपसी भाईचारे एंव सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। इस मौके पर अनिल तिवारी, रमेश तिवारी, दीपू जायसवाल, कमलेश गुप्ता, नसीम रायनी, अताउल मुस्तफा सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# पुलिस के मनमाने रवैये से व्यापार मंडल नाराज

संवादसूत्र, तुलसीपुर (बलरामपुर): नगर क्षेत्र में दुकान के सामने खड़ी वाहनों का चालान को लेकर उद्योग व्यापार मंडल में आक्रोश है। नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष रामजी आर्य ने पुलिस के मनमाने रवैये के खिलाफ एसडीएम से शिकायत की है। महामंत्री रूपचंद गुप्त ने बताया कि ग्राहक दुकान के सामने वाहन खड़ा करते हैं। पुलिस ग्राहकों का जबरन चालान कर देती है। इससे ग्राहक बाजार आने से कतराते हैं। ऐसे में बाजार में सन्नाटा रहता है। कस्बा प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि दुकानदार पटरियों पर कब्जा जमाए हैं। इससे आवागमन बाधित होता है।

# 'दुकानों में व्यापारी लगवाएं सीसी कैमरे'

संसू, उतरौला (बलरामपुर): व्यापारियों को अपनी दुकानों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से सीसी कैमरे लगवाने चाहिए। इससे लूटपाट व चोरी की घटनाओं पर विराम लगेगा। साथ ही आपराधिक घटनाओं की जांच के दौरान पुलिस को बहुत मदद मिलेगी।

यह सुझाव सीओ उदयराज सिंह ने चौकी में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक में दिया। कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका कोविड प्रोटोकाल के उल्लंघन के कारण बढ़ती जा रही है। वीकेंड लाकडाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। जुर्माने से बचने को गाइडलाइंस का अनुपालन किया जाना चाहिए।

इस अवधि में सामानों की खरीद-बिक्री न हो, इसके लिए सभी व्यापारियों को पदाधिकारी अपने स्तर से सूचना दे दें। सब्जी मंडी, फल मंडी व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाम लगने की स्थिति से निजात दिलाने की मांग व्यापारियों ने की।

प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि पटरियों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, सड़क पर ठेला लगाकर खड़े होने वालों के खिलाफ निरंतर चालान की कार्रवाई की जा रही है। अभियान चलाकर पटरियों के अवैध अतिक्रमण को खाली कराया जाएगा। कस्बा चौकी प्रभारी पवन कनौजिया, महिला चौकी प्रभारी नीलोफर बानो, गांधी नगर चौकी प्रभारी संदीप कुमार, व्यापार

# तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** उतरौला कोतवाली की पुलिस ने तमंचे के साथ एक अभियुक्त को धर दबोचा है। कोतवाल पंकज कुमार सिंह ने बताया कि एसआई विपुल कुमार पांडेय की टीम ने पीड़िया बुजुर्ग निवासी कृष्ण कुमार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान शिव कृष्ण कुमार के पास से एक देशी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किए गए। अभियुक्त को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। संवाद

# 25 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। नगर कोतवाली की पुलिस ने 25 हजार का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया है। एसपी हेमंत कुटियाल ने गिरफ्तार करने वाली टीम को बधाई दी है।

एसपी ने बुधवार को बताया कि 15 मई को नगर कोतवाली में एक युवक के अपहरण का केस दर्ज कराया गया था। युवक की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा था कि 14 मई को उसका बेटा रेलवे स्टेशन भगवतीगंज से गायब हो गया था। अपहरणकर्ताओं ने लड़के को छोड़ने के एवज में 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 मई को युवक को सकुशल बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया था। वांछित तीसरे अभियुक्त जिला फर्रुखाबाद थाना कायमगंज ग्राम नंगलाल जीत उर्फ अखनूपुर निवासी अजीत यादव को बहराइच रोड से गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय रवाना कर दिया है। संवाद

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**ललिया।** पुलिस चौकी मथुरा बाजार में बीते दिन पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ललिया सर्किल के सीओ आरआर सिंह ने चेतावनी दी कि बकरीद में अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार यादव ने बैठक में आए हिंदू, मुस्लिम व व्यापारियों से बातचीत कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में चौकी प्रभारी बिंदेश्वरी प्रसाद यादव, वीरेंद्र पाठक, देवता शुक्ला, जाबिर खां व सगीर अहमद आदि मौजूद रहे। संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# बलवा ड्रिल कर पुलिसकर्मियों ने किया आत्मसुरक्षा का अभ्यास

संसू, बौंडी/मिहींपुरवा (बहराइच): बकरीद त्योहार के मद्देनजर बुधवार को बौंडी थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने बलवा ड्रिल किया। पुलिसकर्मियों को आंसू गैस छोड़ने, उग्र भीड़ को तितर-बितर करने, पथराव के समय आत्मसुरक्षा का अभ्यास किया।

शांति समिति की बैठक में एसओ मनोज कुमार राय ने कहा कि बकरीद में मस्जिद में सिर्फ पांच लोग नमाज अदा कर सकेंगे। सार्वजनिक कुर्बानी नहीं होगी। मास्क व सैनिटाइजर का प्रयोग करेंगे। पुलिसकर्मियों ने बौंडी, नौशहरा, खैरा, डोकरी, कोदही, जैतापुर आदि गांवों का रूट मार्च कर ग्रामीणों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। इस दौरान एसएसआइ रघुवीर गौतम, एसआइ विजय कुमार, अरविंद वर्मा, रामकेश चौधरी मौजूद रहे।

मिहींपुरवा: बकरीद एवं सपा के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नानपारा जंगबहादुर यादव के नेतृत्व में मोतीपुर पुलिस टीम ने मिहींपुरवा कस्बे में फ्लैग मार्च किया। पुलिस टीम ने पूर्वी बस स्टॉप, रेलवे क्रासिंग चौराहा, जरही रोड व पश्चिमी बस स्टॉप सहित प्रमुख स्थानों तक पैदल भ्रमण कर लोगों से शांति और सुरक्षा बनाए रखने की अपेक्षा की। फ्लैग मार्च के दौरान मोतीपुर थानाध्यक्ष आरपी यादव, अपराध निरीक्षक के. प्रसाद, चौकी इंचार्ज आलोक सिंह, जालिमनगर चौकी इंचार्ज एके द्विवेदी आदि शामिल रहे।

# जिला पंचायत सदस्य गब्बर सिंह पर मुकदमा दर्ज

**संसू, बहराइच :** जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह गब्बर के खिलाफ देहात कोतवाली थाने में धोखाधड़ी, जानमाल की धमकी समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। अयोध्या निवासी दिनेश पाठक की तहरीर पर एसपी ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कराया है।

देहात कोतवाली प्रभारी पीपी सिंह ने बताया कि अयोध्या जिले के थाना कैंट के मुहल्ला बेगमगंज गोड़हिया निवासी दिनेश पाठक ने तहरीर में आरोप लगाया कि जिला पंचायत सदस्य ने कुछ माह पूर्व जमीन की खरीद-फरोख्त के व्यापार में उन्हें शामिल कर 12 लाख रुपये लगवा दिया। काफी समय कारोबार चलने के बाद भी उन्हें कोई लाभ नहीं दिया। कुछ दिन के बाद जब लगभग 30 लाख रुपये की देनदारी हुई तो उन्होंने अपने रुपये मांगे। इस पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और कहा कि पैसा भूल जाओ। पीड़ित का आरोप है कि गब्बर ने गरीब असहाय व शांति पसंद लोगों की जमीन डरा-धमकाकर ओने-पौने दाम में लेकर प्लॉटिंग कराकर महंगे दामों पर बेच कर अकूत संपत्ति अर्जित की है। कोतवाल ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के विरुद्ध जालसाजी, धमकी तथा सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित को इंसाफ दिलाया जाएगा। मामले की जांच निरीक्षक अपराध शाखा को सौंपी गई है। सख्त से सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।

–**सुजाता सिंह,** पुलिस अधीक्षक

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**उर्रा (बहराइच)।** कोतवाली मुर्तिहा के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि अवैध शराब बेचने के आरोप में एक ग्रामीण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि उसकी पहचान राजू कुमार निवासी चुरवा टेपरा के रूप में हुई है। संवाद

# तीन दरोगा के तबादले

**बहराइच।** एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि कानून व्यवस्था के मद्देनजर तीन दरोगा के तबादले किए गए हैं। एसपी ने बताया कि खैरीघाट थाने में तैनात एसआई विजय चौधरी को विशेश्वरगंज थाना, मटेरा थाने में तैनात एसआई रियाज अहमद को हरदी थाना व हरदी थाने में तैनात एसआई संजय गौतम को मटेरा थाने में भेजा गया है। संवाद

# कांवड़ यात्रा में पेश करें मिसाल

## बैठक के बाद फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** नगर कोतवाली में आने वाले त्यौहारों को शांतिपूर्ण माहौल में अमन चैन के साथ मनाए जाने को लेकर पीस कमेटी की एक बैठक बुधवार को हुई।

इसकी अध्यक्षता करते हुए नगर मजिस्ट्रेट अनिल सिंह ने सभी से अपील की कि कांवड यात्रा, बकरीद व अन्य त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाकर सभी भाईचारे की मिसाल पेश करें। पुलिस ने प्रमुख बाजारों व मार्गों पर फ्लैग मार्च कर सभी को चौक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का एहसास भी कराया।

इस दौरान सीओ विनय द्विवेदी ने अपील करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा में कोरोना प्रोटोकाल का पालन कड़ाई से कराया जाएगा। सभी लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर त्यौहार को मनाए और इनका आनंद उठाए। बैठक के बाद शहर के घंटाघर, चांदपुरा चौराहा, झिंगहाघाट, तिकोनीबाग चौकी होते नगर कोतवाली तक फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया ताकि एक संदेश दिया जा सके। इस मौके पर नगर कोतवाल मधुपनाथ मिश्रा, एसआई व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ। - संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-07-2021

# पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण किया

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने बुधवार को मल्हीपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय, परिसर समेत सभी शाखाओं में जाकर साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही उन्हों ने मिली खामियों को दूर करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, आगन्तुक कक्ष, हवालात, बैरक, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय, कार्यालय में रजिस्टरों के रख रखाव का मुआयना किया। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को बताया कि कोविड से सुरक्षा एवं बचाव को ध्यान में रखते हुए काम करें।

# फ्लैग मार्च निकाल कर सुरक्षा का संदेश दिया

## अपील

श्रावस्ती | संवाददाता

आगामी त्योहारों व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने बुधवार को कस्बा व बाजारों में एक साथ फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस को सड़क पर देखकर लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मार्च के उद्देश्य की जानकारी होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने आगामी त्योहार बकरीद को लेकर बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे व क्षेत्राधिकारी इकौना एमपी शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक गिलौला व स्थानीय पुलिस बल के साथ कस्बा गिलौला में फ्लैग मार्च किया गया मार्च के दौरान उन्होंने लोगों से शांति बनाये रखने के साथ ही भाईचारे से रहने की अपील की। साथ ही उन्होंने अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी कोई शांति व्यवस्था में खलल डालेगा या माहौल खराब करने की कोशिश करेगा। पुलिस उस पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए मुश्तैद है। जमुनहा में भी एसपी ने मार्च कर मॉकड्रिल के लिए तैनात कर्मचारियों का निरीक्षण किया गया, सभी को बावर्दी दुरुस्त, दंगा नियंत्रण उपकरण (डंडा, हेलमेट, केनशील्ड, बॉडी प्रोटेक्टर) के साथ सतर्क रहकर ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी तरह एएसपी बीसे दूबे ने कस्बा भिनगा में फ्लैग मार्च किया। पुलिस, पीएससी व एसएसबी बल की टीम भी मौजूद रही। एएसपी ने सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को तहसील तिराहे के पास ब्रीफ किया। सभी को दुरुस्त रहने व दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ सतर्क रहकर ड्यूटी करने का निर्देश दिया।



इकौना में फ्लैग मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करते एएसपी • हिन्दुस्तान

# नशीली दवा के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी बुधवार को टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गोबार मोड़ के पास मादक वस्तु के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गोबार मोड़ के पास पहुंच गई और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। व्यक्ति की तलाशी ली गई तो पुलिस को उसके कब्जे से नशीली दवा की 95 गोलियां बरामद हुई। बरामद दवा को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रौनक अली पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी पूरे खैरी कोतवाली भिनगा के रूप में हुई।

# सपा के आंदोलन को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस-प्रशासन

**संसू, इकौना( श्रावस्ती)** : समाजवादी पार्टी की ओर से गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर प्रस्तावित आंदोलन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में पुलिस जवानों ने आंदोलन से निपटने के लिए रिहर्सल किया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख चुनाव में धांधली के विरोध में 15 जुलाई को तहसील मुख्यालयों पर वृहद आंदोलन प्रस्तावित है। इसके परिप्रेक्ष्य में प्रशासन गुरुवार को होने वाले आंदोलन को शांतिपूर्वक निपटाने को लेकर अलर्ट हो गया है। सीओ महेंद्र पाल शर्मा ने इकौना तहसील परिसर में रिहर्सल में उपस्थित उप निरीक्षकों व आरक्षियों को आंदोलन को शांतिपूर्वक निपटाने के टिप्स दिए। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी, उपनिरीक्षक शिवकुमार शर्मा, पंकज कुमार गुप्ता, अमित सिंह मौजूद रहे।

# अल्प्राजोलम की 95 टेबलेट के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इस दौरान पूरे खैरी निवासी रौनक अली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 95 अल्प्राजोलम टेबलेट बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। (संसू)

# अपहृत किशोरी बरामद

**श्रावस्ती** : इकौना थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इस दौरान नौ घंटे पूर्व अपहृत किशोरी के बलूहा पुल से आगे डिह्वा गांव के पास सड़क पर मौजूद होने की सूचना मिली। टीम ने मौके पर पहुंच कर उसे बरामद कर लिया। (संसू)

# फरार चल रहा दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर थानाध्यक्ष दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे पाक्सो एक्ट के आरोपित तजम्मुल उर्फ मुंहनोचे को जमुनहा चौराहे से दबोच लिया। आरोपित को जेल भेजा गया है। (संसू)

# शांति भंग के आरोप में 12 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने मंगलवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 12 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। इसके साथ ही विभिन्न चेकपोस्ट, बैरियर सहित संदिग्ध वाहनों के खिलाफ भी चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 190 वाहनों की जांच कर 58 वाहनों का ई चालान काट कर मौके से 88,500 का शमन शुल्क भी वसूला जबकि बिना मास्क के घूम टहल रहे 93 लोगों से भी 12,800 का जुर्माना जमा कराया गया। संवाद

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी तजम्मूल उर्फ मुंहनोचे निवासी जमुनहा बाजार दाखिला जमुनहा भवनियापुर को जमुनहा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। संवाद

# त्योहार में माहौल बिगाड़ने वालों की खैर नहीं

## पूरी सख्ती से निपटेगा प्रशासन, बाजारों में पुलिस का मार्च पास्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** आने वाले प्रमुख त्योहारों के दौरान शहर में अमन चैन का माहौल बिगाड़ने वालों से पुलिस प्रशासन पूरी सख्ती से निपटेगा। जनसमुदाय में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन की टीमों द्वारा सभी प्रमुख कस्बों व बाजारों में मार्च पास्ट भी किया गया। इस दौरान मौजूद अधिकारियों ने सभी से अमन चैन बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ पूरी सख्ती से निपटने का संदेश भी दिया।

आने वाले समय में पड़ रहे बकरीद, 15 अगस्त व रक्षाबंधन जैसे अहम पर्व को देखते हुए जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। इसी के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे की अगुवाई में भारी संख्या में पुलिस बल ने भिनगा नगर, खैरीमोड़, खरगौरा, इटवरिया चौराहा, सेमरी, चिलहरिया, सिरसिया बाजार में मार्च पास्ट कर लोगों को चाक चौबंद सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया। एएसपी ने कहाकि प्रशासन जिले वासियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग अमन चैन बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। इस दौरान एएसपी ने मॉकड्रिल के लिए तैनात कर्मचारियों का निरीक्षण कर सभी को बावर्दी दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ सतर्क रहकर ड्यूटी करने को भी निर्देशित किया।



आगामी त्योहारों को लेकर भिनगा में मार्च पास्ट करते एएसपी। -संवाद

# एसपी मल्हीपुर तो एएसपी पहुंचे सिरसिया

## निरीक्षण में मिलीं खामियों को दुरुस्त कराने का दिया निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने बुधवार मल्हीपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक, मेस का निरीक्षण कर सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय के रजिस्टरों को चेक कर उनके रख रखाव एवं उनमें पायी गई कमियों की सुधार के लिए प्रभारी निरीक्षक ददुदन सिंह को आवश्यक निर्देश दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे ने मंगलवार शाम सिरसिया थाने का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित अहकमात की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान 29 विवेचनाएं लंबित पाई गई। इस पर नाराजगी जताते हुए लंबित विवेचनाओं के निस्तारण करने, वांछित व वारंटियों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कनौजिया सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया। बाद में थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क देखी। यहां शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं की समस्या को सरलता पूर्वक सुनकर यथाशीघ्र निस्तारण के लिए प्रभारी निरीक्षक सहित संबंधित को अवगत कराने को कहा।



सिरसिया थाने में अधीनस्थों संग अपराध समीक्षा करते एएसपी। - संवाद

थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान सबसे पहले उन्होंने थाना कार्यालय जाकर वहां रखे अस्त्र शस्त्र व अभिलेख के बारे में जांच की। साथ ही थाना परिसर, बैरक, मेस आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीट आरक्षियों की मीटिंग कर बीट व्यवस्था के तहत जांच के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। खामियों को तत्काल दुरुस्त करने व क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करने, उनकी समस्याओं को सुनने को कहा। इस दौरान थानों में प्रभारी निरीक्षक सहित सभी उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षी व आरक्षी मौजूद रहे।